INS ACCREDITED
यूंनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

दैनिक यूनिक समय
मथुरा से प्रकाशित
RNI-UPHIN/2023/85053

Sweety
BY
MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-2 | अंक-592 | मथुरा, शुक्रवार, 11 अक्टूबर 2024 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

### साड़ी फैक्ट्री में रंग लगाने के दौरान मशीन में आया करंट

# श्रमिक की मौत, परिजन व साथियों का फैक्ट्री पर हंगामा



मसानी लिंक रोड़ स्थित महेश साड़ी हाउस में श्रमिक के शव के समीप विलाप करती उसकी मां।



मसानी लिंक रोड स्थित फैक्ट्री का दृश्य।

**वरिष्ठ संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** साड़ी फैक्ट्रियों में कार्य करने वाले श्रमिकों को जान हथेली पर लेकर काम करना पड़ रहा है। ऐसे ही एक श्रमिक की मसानी बाईपास रोड स्थित साड़ी फैक्ट्री में साड़ी छपाई करते समय करंट लगने से अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। जिससे कम्पनी में हड़कंप मच गया। आनन फानन में उसके साथी श्रमिक उसको गोवर्धन चौराहा स्थित सिटी हॉस्पिटल ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके बाद मृत श्रमिक को उसके साथी पुनः फैक्ट्री ले आए जहां सूचना पर पहुंची मृतक की मां ने विलाप करना शुरू कर दिया। घटना के एक घंटे बाद तक फैक्ट्री मालिक वहां नहीं पहुंचा।

## परिजनों के बुलावे पर नहीं पहुंचा फैक्ट्री मालिक

## काफी देर तक पुलिस को नहीं दी घटना की सूचना

शुक्रवार की सुबह चामुंडा कॉलोनी गड्ढा रामगली निवासी 20 वर्षीय सनी माहौर पुत्र गौरी शंकर रोजाना की तरह महेश साड़ी हाउस नाम की फैक्ट्री में साड़ी की छपाई करने के लिए पहुंचा। वह छपाई के लिए कलर लगा रहा था कि अचानक कलर मिलान करने वाली मशीन में करंट आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। श्रमिक ने इसकी सूचना फैक्ट्री के मुनीम को दी तो उसने सिटी हॉस्पिटल इलाज के लिए भिजवाया। जहां डाक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। कम्पनी में रखे शव के पास उसके परिजन पहुंच गए। जहां उसकी मां का रो रोकर बुरा हाल था। घटना के काफी समय तक उसकी सूचना पुलिस को किसी ने नहीं दी। एक बजे के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। गोविंद नगर पुलिस ने घटना स्थल पर उपस्थित लोगो के बयान दर्ज किए। समाचार लिखे जाने तक किसी ने गोविंद नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। दोपहर बाद कम्पनी के अंदर समझौता के प्रयास चल रहे थे।

### अपने पिता का इकलौता पुत्र था सनी

मृतक के पड़ोसी व उसके मित्र ओम प्रकाश ने बताया कि मृतक सनी अपने पिता का अकेला पुत्र था। उसका परिवार काफी गरीब है। तीनों मां पिता और बेटा मजदूरी का कार्य करते हैं। उसने सुबह सनी से कहा था कि आज काम पर मत जाओ, पड़ोस में गमी हो गई है लेकिन वह नहीं माना। यदि वह घर पर रुक जाता तो शायद उसकी मौत नहीं होती।

# एक ही दिन में निकले जिले में पांच डेंगू के मरीज



डेंगू प्रभावित क्षेत्रों में सर्वे टीम के साथ सीएमओ डॉ. एके वर्मा और मलेरिया अधिकारी आरके सिंह व अन्य।

**वरिष्ठ संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** फिर से जनपद में पांच डेंगू मरीज मिलने से सनसनी फैल गई हैं। पोर्टल पर रिपोर्ट अपडेट होने के बाद जनपद का स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया। एक मरीज का आगरा में इलाज चल रहा है, दो मरीज जिला अस्पताल में भर्ती हैं। सीएमओ डॉ. एके वर्मा ने जिला मलेरिया अधिकारी को मरीजों के घर पहुंचकर सर्वे करने व दवा छिड़काव के निर्देश दिए हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी आरके सिंह ने बताया कि जनपद में नगर निगम क्षेत्र के औरंगाबाद में एक, वृंदावन में टटिया स्थान के समीप एक, नरसी पुरम रांची बांगर में दो, नगला शिवाजी जयगुरुदेव के पास में एक डेंगू का मरीज मिला है। जिसमें एक जवान सीआईएसएफ का मिला है। श्री सिंह ने बताया कि डेंगू केस प्रकाश में आने पर प्रभावित क्षेत्र में टीमों को भेजा गया। रांची बांगर क्षेत्र में टीम ने सर्वे कर लोगों का स्वास्थ्य का हाल जाना और कीटनाशक दवा का छिड़काव किया। घरों के अंदर भी स्प्रे कराया गया। इसके अलावा वृंदावन के टटिया स्थान क्षेत्र में भी टीम ने सर्वे किया दवा का छिड़काव किया। उन्होंने बताया कि पहले भी 16 डेंगू के मरीज जनपद में मिल चुके हैं। अब तक डेंगू मरीजों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है।

## सभी मरीज नगर निगम क्षेत्र के हैं

## मलेरिया विभाग की टीम ने पूरे दिन मरीजों के घरों का किया सर्वे

**मंथन** | ब्रज तीर्थ विकास परिषद की देखरेख में योजनाएं

# मथुरा में 120 करोड़ रुपये की योजनाओं पर काम

**वरिष्ठ संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद वर्तमान वित्तीय वर्ष में 120 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम कर रहा है। इसमें 30 प्रतिशत राशि नई योजनाओं के लिए है, जबकि बजट की 70 प्रतिशत राशि क्रियान्वित हो रही योजनाओं के लिए है। जनपद के तीर्थ क्षेत्र में पर्यटन सुविधाएं बढ़ाने के साथ पौराणिक महत्व बनाए रखने की अनेक योजनाएं अमल में लाई जा रही हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने जनप्रतिनिधियों को दी।

शुक्रवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद कार्यालय सभागार में चीनी मिल एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह और नगर आयुक्त शशांक चौधरी मौजूद थे। इस दौरान परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद पर्यटन सुविधाओं के विकास के साथ ब्रज के प्राचीन स्वरूप और संस्कृति को पुनर्जीवित रखने के लिए काम किया जा रहा है। इसके लिए कृष्णकालीन 37 वन विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की इच्छा के अनुरूप वृंदावन व अन्य स्थलों पर अतिरिक्त पर्यटक सुविधा केंद्र (टीएफसी) और मल्टी लेबल कार पार्किंग स्थल बनाए जा रहे हैं। गोकुल से वृंदावन के मध्य तीर्थ यात्रियों की सुविधा के लिए जल मार्ग पर क्रूज चलाए जाने के लिए दो चरणों में यमुना किनारे स्टेशन बनाए जाने हैं। फिलहाल आठ स्टेशन बनाने की प्रक्रिया चल रही है। उक्त परियोजना भारत सरकार द्वारा संचालित कराई जा रही है।



उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते चीनी मिल एवं गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण। साथ में परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र और सीईओ एसबी सिंह आदि।

उन्होंने बताया कि वृंदावन में तीर्थयात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वर्तमान में संचालित टीएफसी के विस्तारीकरण का प्रस्ताव है। राधा बिहारी इंटर कॉलेज बरसाना की जमीन पर 300 लोगों की डोरमेट्री सुविधा वाली एक नई टीएफसी बनाई जा रही है। श्रीबिहारी जी कॉरिडोर को लेकर भी चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया कि वृंदावन में यमुना पार 10 हेक्टेयर जमीन में मल्टी लेवल कार पार्किंग व टीएफसी बना कर वृंदावन में बढते ट्रैफिक को कम किया जाएगा। यहां सस्पेंशन पुल भी प्रस्तावित हैं, जहां से इलेक्ट्रिक वाहनों से तीर्थयात्री यमुना पार कर बिहारी जी के दर्शन को आ–जा सकेंगे।

गन्ना मंत्री लक्ष्मीनारायण चौधरी के सुझाव पर बैठक में वृंदावन में बन रहे ऑडिटोरियम का नाम स्वामी हरिदास ऑडिटोरियम करने की घोषणा की गई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने परिषद के बजट की बढ़ाने का भी आग्रह किया। राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधायक पूरन प्रकाश, राजेश चौधरी, ठाकुर मेघ श्याम सिंह, ठा. ओम प्रकाश सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने सुझाव और नए प्रस्ताव भी दिए।

बैठक में सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा, नगर पालिका कोसीकलां चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल, नगर पंचायतों के अध्यक्ष और प्रतिनिधि संजय दीक्षित गोकुल, डॉ. मुरारी लाल बलदेव, मनीष लंबरदार, पद्म फोजी ने भी सुझाव दिए।

बैठक में उप कार्यपालक अधिकारी सतीश चंद्र, डीएफओ रजनीकांत मित्तल एवं मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## वृंदावन में यमुना पार 10 एकड़ में मल्टी लेवल पार्किंग और बनेगी टीएफसी, होगा ट्रैफिक कंट्रोल

# संपत्ति विवाद में भिड़े भाई—बहन

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर की द्वारकापुरी कॉलोनी में वकील द्वारा छोड़ी गई संपत्ति पर निर्माण कराने को लेकर भाई ने बहन का किया विवाद। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिना कोर्ट के आदेश के निर्माण न कराने की दी हिदायत।

कोतवाली क्षेत्र की द्वारकापुरी कॉलोनी में कुछ माह पूर्व हुई वकील की मौत के बाद उसे मुखाग्नि को देने को लेकर भाई और बहनों के बीच जमकर विवाद हुआ था। इसके बाद से उसकी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद चल रहा है। योगेश चौधरी के परिवार और आभा सिंह के बीच मामला है। इस मामले में योगेश चौधरी की पत्नी ज्योत्सना चौधरी ने नंद आभा सिंह पर जेठ की संपत्ति पर किए जा रहे अवैध निर्माण को लेकर आपत्ति जताई थी। उनका कहना है कि मामला जब कोर्ट में विचाराधीन है तो इस पर निर्माण नहीं हो सकता है। योगेश चौधरी का कहना है भाई की संपत्ति पर बहन आभा सिंह ने जबरन मकान पर कब्जा कर लिया है और वह उस पर गलत तरीके से निर्माण करा रही है। झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को आश्वस्त किया कि किसी भी प्रकार का कोई भी निर्माण कार्य नहीं कराया जाए न्यायालय के आदेश के बाद ही पुनर्निर्माण कराया जा सकता है।

## मकान पर हो रहे निर्माण को लेकर होने लगा झगड़ा

## पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों पक्षों को समझाया

## घर से दो सिलेंडर चोरी कर ले गए चोर


**यूनिक समय, कोसीकलां।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी की घटनाऐं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार की रात गोपालबाग, शेरगढ रोड स्थित लक्ष्मी कॉलोनी निवासी अशोक शर्मा के मकान में चोरों ने रसोई में रखे दो सिलेंडरों को चोरी कर लिये। सुबह जगार होने पर पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी। गोपालबाग पुलिस चौकी कोसी देहात की लक्ष्मी कॉलोनी निवासी अशोक शर्मा गुरुवार की रात परिवार के साथ सोए हुए थे। देर चोर छत के सहारे घर में घुस आये और रसोई व बाहर रखे गैस सिलेंडर को चोरी कर लिया। सुबह उनकी पुत्रवधू रसाई में अपना रोजमर्रा का कार्य करने पहुंची तो रसाई व बाहर रखे सिलेंडर गायब थे। पीड़ित ने घटना की जानकारी गोपालबाग चौकी में पुलिस को दी।

# नगला भोला में मकान की छत भर-भरा कर गिरी

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली क्षेत्र के नगला भोला धौलीप्याऊ इलाके में एक गिरासू मकान की छत भर-भरा कर खाना बनाती महिला पर गिर गई। घटना से इलाके में दहशत फैल गई। गंभीर रूप से घायल महिला को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। महिला का आरोप है कि इस इलाके में रहने वाला दबंग मकान की मरम्मत तक नहीं कराने देता है।

नगला भोला धौली प्याऊ में कुछ पुराने मकान है। इन मकानों की हालत खस्ता होने के कारण लोग मकानों में खतरे के साये में रहने को मजबूर है। इस इलाके का एक दबंग व्यक्ति मजूदरी करके परिवार चलाने वाले गरीबों को उनके मकानों की मरम्मत तक नहीं कराने दे रहा है। इसी स्थान पर तारा का मकान भी है। तारा सिंह की पत्नी गुरुवार की प्रातः करीब साढ़े आठ बजे बच्चों के लिए खाना बना रही थी। पति मजदूरी करने के लिए निकल गया था। बताया गया कि इसी दौरान अचानक तेज आवाज के साथ मकान की छत भर-भरा कर गिर गई। खाना बनाती तारा की पत्नी त्रिवेणी उसमें दब गई। तारा सिंह के बच्चे उस स्थान पर नहीं थे। किसी तरह लोगों ने त्रिवेणी को छत के मलबे से निकाल कर अस्पताल पहुंचाया। तारा सिंह और इस इलाके में रहने वाले माधव, रवि कुमार, दीपक हीरा सिंह, गुलाब सिंह ने बताया कि इस इलाके में रहने वाला दबंग पद्दू इन गरीबों के मकानों पर नजर रखे हुए है। किसी गरीब को मकान की मरम्मत तक नहीं करने देता है। अगर कोई अपने मकान की मरम्मत करता है तो उसे धमकी देकर काम बंद करा देता है। तारा सिंह ने भी अपने गिरासू मकान की कुछ माह पहले मरम्मत करने की कोशिश की थी, लेकिन पद्दू ने उसे मरम्मत नहीं करने दी। अगर उस समय मकान की मरम्मत करने दी होती तो ये हादसा नहीं होता। इस हादसे के बाद इस स्थान पर कई ऐसे मकान भी हैं जो कभी भी गिर सकते हैं।



गिरे मकान का नजारा।



### घायल महिला का चल रहा है हॉस्पिटल में इलाज

### दबंग गिरासू मकानों की नहीं करने देता है मरम्मत

### किसी और मकान में भी हो सकता है हादसा





# एलीट स्कूल में मनाया दशहरा पर्व



**यूनिक समय, मथुरा।** सरस्वती कुण्ड, मसानी स्थित एलीट न्यू जेनेरेशन इंटरनेशनल स्कूल में दशहरा और नवरात्रि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने माँ दुर्गा के नौ रूपों का अदभुत प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया। छोटे बच्चों ने अपनी मनमोहक नाट्य प्रस्तुति से बुराई पर अच्छाई की जीत को दर्शाकर सभी को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम में नवदुर्गा की प्रस्तुति और राम दरबार की झाँकी ने पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। साथ ही, बच्चों के गरबा नृत्य ने सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया।

प्रधानाचार्य अंकित खंडेलवाल ने कहा कि दशहरा हमें सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह पर्व बच्चों के लिए एक सीख है कि जीवन में अच्छाई की सदा जीत होती है। डायरेक्टर श्रीमती संगीता अग्रवाल ने भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जीवन को सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए अनुकरणीय बताया। ओएसडी डॉ. सौरभ तिवारी, प्रशासक मुकेश चौधरी, कोर्डिनेटर श्रीमती शिवानी धमीजा, मेघा सक्सेना, चंचल गुप्ता और शिवम कुमार आदि उपस्थित थे।



नौहझील में निकाली श्री अक्रूर महाराज की शोभायात्रा में विधायक राजेश चौधरी, सुशील वार्ष्णेय एवं कमल किशोर वार्ष्णेय आदि।

# नौहझील में श्री अक्रूर महाराज की शोभायात्रा का स्वागत

**यूनिक समय, नौहझील (मथुरा)।** कस्बा नौहझील में श्री अक्रूर जी महाराज की शोभायात्रा प्रधान प्रशांत गुप्ता और वार्ष्णेय समाज की अगुवाई में निकाली गई। शोभायात्रा के मुख्य अतिथि विधायक राजेश चौधरी, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय बारहसैनी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर सुशील कुमार वार्ष्णेय, श्री अक्रूर गोपीनाथ फाउंडेशन के अध्यक्ष कमल किशोर वार्ष्णेय तथा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष मुकेश वार्ष्णेय ने सहभागिता की।



# मजदूरी कर बाइक से लौटते दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत

### बाइक छटीकरा के समीप डिवाइडर से टकराई

### स्कूल से लौटती बालिका की गाड़ी से कुचल कर मौत

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र स्थित छटीकरा के समीप ईंट खाली कराने के बाद बाइक से लौटते दो मजदूर युवकों की बाइक डिवाइडर से टकरा गई। दोनों युवको की मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी दुर्घटना में थाना बरसाना के संकेत गांव में स्कूल से घर लौटती बालिका को किसी चौपहिया वाहन ने अपनी चपेट में ले लिया, जिसके चलते बालिका की मौत हो गई।

गिर्राज महाराज कॉलेज के समीप बसंत बिहार कॉलोनी (कृष्णानगर) निवासी युवक संतोष (25) पुत्र बोना और वहीं इसी क्षेत्र में रहने वाला युवक सूरजपाल (27) ईंटों के ट्रैक्टरों पर ईंट खाली करने की मजदूरी करते थे। बताया गया कि गुरुवार की सायं भी दोनों युवक चौमुहां इलाके में ट्रैक्टर से ईंट खाली करने के लिए मजदूरी पर गए थे। रात को दोनों बाइक से लौट रहे थे। रास्ते में छटीकरा के समीप उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना में दोनों बुरी तरह से घायल हो गए, जिसके चलते दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने मरने वाले युवकों के बारे में परिवार को भी सूचना दी। युवकों की मौत से परिवार में कोहराम मचा गया। पुलिस ने शवों का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना बरसाना के गांव संकेत निवासी रिंकू की आठ साल की बेटी स्कूल में कक्षा दो में पढ़ रही थी। बताया गया कि वह गुरुवार को स्कूल पढ़ने के लिए गई। स्कूल से लौटते समय रास्ते में उसे किसी फोर व्हीलर गाड़ी ने रौंद दिया, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। बालिका की मौत से परिवार के लोगों का रो–रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने बालिका के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## द्वारकाधीश मंदिर में दशहरा कल मनाया जाएगा

**यूनिक समय, मथुरा।** मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि 12 अक्टूबर को मंदिर ठाकुर द्वारकाधीश में दशहरा का पर्व मनाया जाएगा और इस क्रम में ठाकुर जी सभी शस्त्र धारण करेंगे। कलियुग रूपी रावण का वध करने के लिए घोड़े पर सवार होकर जाएंगे। सायंकाल 4:45 पर ठाकुर जी को ज्वार धाराएं जाएंगे और संध्या आरती के बाद अश्व पूजन होगा और मान्यताओं के अनुसार ठाकुर जी कल अश्व पर विराजमान होकर रावण का वध करने जाएंगे।




## दशानन महाराज मंदिर पर कल होगी महाआरती

**यूनिक समय, मथुरा।** विजयादशमी पर दशानन महाराज की दोपहर एक बजे महाआरती की जायेगी। दशानन का पुतला दहन करने वाले लोगों को भगवान श्री राम सद्बुद्धि प्रदान करे। जिसके लिए दस घंटे महा मंत्र का संगीत मय जाप मंदिर परिसर में किया जाएगा। दशानन महाराज मंदिर में भगवान श्री राम को उनके आचार्य महाराज श्री रावण द्वारा महादेव की पूजा भी कराई जायेगी। लंकेश भक्त मंडल के अध्यक्ष ओमवीर सारस्वत एडवोकेट ने बताया कि समाज में चली आ रही कुप्रथा को रोकने के लिए लंबे समय से संघर्ष जारी है। समाज के कुछ लोग प्रति वर्ष बुराई के रूप में एक प्रकांड विद्वान ब्राह्मण दशानन का पुतला दहन करते और सच्चाई की बुराई पर जीत बताते है लेकिन आज तक बुराई दूर नहीं हो पाई है। समाज को इसका कोई लाभ भी नहीं मिला है। लंकेश भक्त मंडल ने इस बार पुतला दहन करने वाले लोगो को सद्बुद्धि मिले उसके लिए भगवान श्री राम के नाम का महाजाप श्री दशानन महाराज मंदिर मथुरा हाथरस रोड पर यमुना पुल से नीचे श्मशान घाट के पास यमुनापार मथुरा में आयोजित किया गया है। महाजप भी दस घंटे तक चलेगा। जिसे सुबह आठ बजे सीता राम मंदिर के महंत राम जी एवं उनके अनुयाई श्याम प्रकाश अवस्थी द्वारा शुरू किया जायेगा।

# राधा ऑर्किड कॉलोनी छेड़छाड़ प्रकरण इंजीनियर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### पुलिस ने इंजीनियर को लिया हिरासत में

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना गोविंदनगर की मसानी क्षेत्र स्थित राधा आर्किड कॉलोनी में मथुरा–वृंदावन नगर निगम के मेयर के एक मकान में किराए पर रह रहे निगम के अधिशासी अभियंता को पुलिस ने नाबालिग से छेड़छाड़ करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराए जाने के बाद हिरासत में ले लिया है।

राधा ऑर्किड कॉलोनी में किराए पर रहने वाले अधिशासी अभियंता द्वारा कॉलोनी में एक किशोरी के साथ छेड़–छाड़ और अभद्रता किए जाने पर कॉलोनी में रहने वाले लोगों और महिलाओं ने गुरुवार की देर सायं जमकर हंगामा किया था। इंजीनियर द्वारा जिस तरह से बच्ची के साथ बदसलूकी की गई उसको लेकर शहर में हर तरफ इस घटना की चर्चा हो रही है। एसपी सिटी डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि इस मामले में बच्ची के परिवार के लोगों की ओर से एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई है। इस मामले में सोसाइटी के अध्यक्ष की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया कि इंजीनियर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद उसे हिरासत में ले लिया है।

## इंजीनियर के निलंबन की तैयारियां शुरू

### नगर निगम के आयुक्त शासन को देंगे रिपोर्ट

**यूनिक समय, मथुरा।** राधा ऑर्किड कॉलोनी में किशोरी के साथ छेड़–छाड़ की घटना में इंजीनियर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद नगर आयुक्त की ओर से उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई करने के लिए रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अधिशासी अभियंता द्वारा किशोरी के साथ छेड़ खानी करने के मामले में कल हुए हंगामे के बाद पुलिस ने इस मामले में इंजीनियर के खिलाफ छेड़–छाड़ और पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर के उन्हें हिरासत में ले लिया है। इंजीनियर के खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने घटना की गंभीरता को देखते हुए इंजीनियर के निलंबन के लिए शासन को लिखा पढ़ी करने की तैयारी शुरू कर दी है।

## "बोलती तस्वीर"

### प्यास तो सबको लगती है.....



हाय गर्मी, पानी की तलाश में बंदर पहुंचा घर की छत पर रखी टंकी पर। ढक्कन खुला होने के कारण बंदर अपनी प्यास बुझाते हुए। छाया–प्रदीप कांत मिश्रा।

# छेड़छाड़ की शिकायत करने गई मां बेटी के साथ की मारपीट

### घायल बेटी को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**यूनिक समय, मथुरा।** कोतवाली छाता के गांव चंदौरी में एक लड़की के साथ छेड़छाड़ की शिकायत करने गई मां बेटी के साथ युवक और उसके परिवारीजनों ने मारपीट की। मारपीट में युवती घायल हो गई।

गांव चंदौरी निवासी तेजवीर सिंह की पुत्री नौहरे में किसी काम से सायं पांच बजे के करीब गई थी। बताया गया कि वहां उसके साथ पड़ोस के रहने वाले धर्मवीर ने उसके साथ छेड़–छाड़ की।

युवती के विरोध करने पर उसने गाली गलौज की। युवती ने अपने साथ हुई घटना के बारे में मां को बताया। मां अपनी बेटी को लेकर धर्मवीर के घर उसकी शिकायत करने के लिए गई। धर्मवीर और उसके परिवारीजनों ने दोनों के साथ बुरी तरह से मारपीट की।

घायल युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मारपीट के मामले में हमलवारों के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी गई है।

# तीन किलो दो सौ ग्राम गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस ने भहाई बम्बे की पटरी के निकट से चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस को उसके पास से तीन किलो दो सौ ग्राम गांजा भी बरामद हुआ है।

रिफाइनरी पुलिस रात को भहाई बम्बे की पटरी पर चेकिंग कर रही थी। इसी बीच वहां से जाते एक अभियुक्त को पुलिस ने रोका। तलाशी करने पर उसके पास से तीन किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त गांव भहाइ निवासी इकबाल है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त गांजा बिक्री करने के लिए ले जा रहा था।



# ब्रज में घर घर महानवमी पर कन्या लांगुरों का किया पूजन


महाविद्या देवी मंदिर में महानवमी पर माता महाविद्या की पूजा अर्चना करती महिला श्रद्धालु।


श्रीकृष्ण जन्मभूमि के समीप चामुंडा देवी मंदिर में पूजा अर्चना करती महिला श्रद्धालु।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बृजवासियों ने आज शरदीय नवरात्र के दौरान दुर्गा अष्टमी व नवमी दोनों की पूजा की। देवी मंदिरों में पहुंचकर महानवमी पर्व मनाते हुए मां सिद्धिदात्री की भक्तिभाव से पूजा की गई। भक्तों ने घरों में कन्या लांगुरों की पूजाकर भोजन कराया और उन्हें उपहार देकर उनसे आशीर्वाद लिया।

आज प्रातः से ही नगर के कैंट काली देवी मंदिर, महाविद्या मंदिर, कंकाली देवी मंदिर, पाताल देवी मंदिर भूतेश्वर, चौमुंडा देवी मंदिर श्रीकृष्ण जन्म भूमि के समीप, कैला देवी मंदिर डेम्पियर नगर पर श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा अर्चना करने के लिए पूरे दिन लगी रही। व्रत रखने वाले भक्तों ने शुक्रवार को अपना कन्या–लांगुरा की पूजाकर अपना व्रत समाप्त किया। अज्ञारी प्रज्वलित कर उस पर लौंग, गूगल, धूप, घी आदि अर्पित किए और उसके बाद कन्या–लांगुरा के पैर धोकर उनको प्रसाद खिलाया। फिर तिलक लगाकर उपहार व दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर माता के प्राचीन मंदिरों गिरधरपुर वाली देवी, यमुना पार चंद्राबली देवी, बंदी आनंदी देवी मंदिर, नरी सेमरी देवी मंदिर, सांचौली देवी मंदिर, गोवर्धन में मनसा देवी मंदिर, छटीकरा में वैष्णों देवी मंदिर, बरसाना में पथवारी देवी मंदिर, कोसीकलां में पथवारी देवी मंदिर, कैला देवी मंदिर, वृंदावन में चौमुंडा देवी मंदिर, पागलबाबा मंदिर के समीप कैला देवी मंदिर पर जबरदस्त भीड़ मां की पूजा अर्चना करने को लगी रही।

## गीता एन्क्लेव के दुर्गा मंदिर में यज्ञ व कन्या पूजन


कृष्णा नगर स्थित गीता एंक्लेव स्थित दुर्गा मंदिर में कन्या पूजन करते मंदिर के सेवायत रामकृष्ण शास्त्री।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** नगर की गीता एन्क्लेव, बैंक कॉलोनी स्थित प्राचीन सिद्ध श्री दुर्गा देवी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर नव चंडी महायज्ञ महोत्सव का समापन महानवमी पर मां भगवती का श्रृंगार फूल बंगला हवन पूर्णाहुति व कन्या पूजन के साथ हुआ।

मंदिर के सेवायत पंडित रामकृष्ण शास्त्री ने बताया कि पूजा में आचार्य विपिन पटेरिया चौधरी, पार्षद राजवीर सिंह, विक्रांत नोहवार, अविनाश अग्रवाल, जगत बहादुर अग्रवाल, पंडित अवधेश मिश्रा, पंडित अनिल कुमार पांडे, मनोहर कनक, राजेंद्र सक्सेना, अनिल पांडे, कपिल अरोड़ा, बीना, लक्ष्मी, नीरू एवं मीरा कौशिक आदि शामिल हुए।

## छाता में माँ भगवती का निकाला डोला



**यूनिक समय, छाता (मथुरा)।** मां भगवती वार्ष्णेय मित्र मंडल के बैनर तले मां भगवती का डोला एवं पदयात्रा पैगांव रोड स्थित पथवारी मंदिर से मैन बाजार, सब्जी मंडी, शेरगढ़ रोड होते हुए नरी सेमरी के लिए निकाली गई। इसमें सैकड़ो की संख्या में भक्तों ने झूमते हुए चल रहे थे। मुख्य आकर्षण का केंद्र राधा कृष्ण की झांकी रही। मेले का शुभारंभ कमेटी के सदस्य व छाता नगर पंचायत के प्रतिनिधि सिंह उर्फ फाल्गुन सिंह ने नारियल फोड़कर किया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष राजेश गुप्ता उर्फ राजू, पवन वार्ष्णेय, दीपक वार्ष्णेय, कौशल वार्ष्णेय, दीपक गुप्ता, कृष्ण मुरारी गुप्ता, संतोष कुमार, कौशल शर्मा, नकुल शर्मा, राजीव वार्ष्णेय, गजेंद्र चौधरी एवं कालीचरण मेंबर आदि उपस्थित थे।


शिव मंदिर में प्रसाद खाते कन्या लागुंरा।

## शिव मंदिर में 27 कन्याओं को खिलाया प्रसाद

**यूनिक समय, नौहझील (मथुरा)।** क्षेत्र के गांव रामनगला स्थित शिव मंदिर में शारदीय नवरात्र में 27 कन्याओं को भोजन प्रसाद खिलाकर पांच बर्तन स्टील के और दक्षिणा रूपी देकर माता रानी के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। रोजगार सेवक छोटेलाल ने बताया कि पूर्व प्रधान सोम देवी की स्मृति में यह कार्यक्रम किया गया।

## राशन की दुकान का शुभारंभ

**यूनिक समय, मथुरा।** बद्री नगर क्षेत्र में विस्थापित राशन की दुकान का जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने शुभारंभ किया।

## अधिकारी की करतूत से रोष

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारत हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय हरियाणा ने राधा ऑर्किड कॉलोनी में नगर निगम के अधिकारी द्वारा बालिकाओं के साथ की गई छेड़छाड़ पर चिंता जाहिर की।






## पूंछ में आग लगते ही हनुमान ने जलाई सोने की लंका

### श्रीराम के जयकारों से गूंजा कोसीकलां

**यूनिक समय, कोसीकलां।** रामलीला संस्थान के तत्वावधान में आयोजित भरत मिलाप मेले के अंतर्गत शुक्रवार की शाम राम–लक्ष्मण, हनुमान जी के डोले की सवारी निकाली गई। सवारी के गोमती कुंड पहुंचने पर लंका दहन एवं डोंगा लीला का मंचन किया गया। सवारी देखने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा।

मेले के दौरान शाम छह बजे लाला ग्यालाल स्मृति भवन से अशोक वाटिका में बैठी सीता जी, राम–लक्ष्मण, वानर सेना, शिव आराधना करता रावण सहित अन्य सवारियां निकाली गई। जो कि सभी के आकर्षण का केंद्र बनी हुई थीं। भगवती मंदिर पहुंचकर लंका दहन लीला का मंचन किया गया।

वहीं हनुमान जी लंका में अशोक वाटिका में सीता से मिलते हैं और भरोसा दिलाते हैं कि वे चिंता न करें। प्रभु श्रीराम बहुत जल्द ही उन्हें ले जाएंगे। लंका में रावण के सैनिक हनुमान जी की पूंछ में आग लगा देते हैं। इसके बाद वे सोने की लंका को जला देते हैं। बाद में वे सीता जी से प्रभु श्रीराम के लिए निशानी लेकर लौटते हैं।

### कोसीकलां में काली मेला कल, सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**यूनिक समय, कोसीकलां।** रामलीला संस्थान के तत्वावधान में शनिवार की रात्रि में काली मेला आयोजित होगा। चार फीट के लंबे मुखौटे वाली काली सड़कों पर तलवार लेकर खेलेगी। मेले में आने वाली भीड़ को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के व्यापक कड़े इंतजाम किए हैं। पूरी रात चलने वाले मेले के बाद रविवार की तड़के चार बजे भरतमिलाप चौक पर अहिरावण वध लीला का मंचन किया जाएगा। इस बार काली की भूमिका निभा रहे नितेश भारद्वाज कहना था कि काली की भूमिका को निभाने के लिए कुछ अनिवार्य नियमों का पालन करना पड़ता है।

## ब्रजस्थ मैथिल ब्राह्मण युवक–युवती परिचय सम्मेलन 13 को

**यूनिक समय, मथुरा।** अखिल भारतीय श्री ब्रजस्थ मैथिल ब्राह्मण महासम्मेलन शाखा सभा की बैठक में 13 अक्टूबर को होने वाले प्रथम युवक युवती परिचय सम्मेलन की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया।

शाखा सभा के अध्यक्ष हीरालाल शर्मा ने सभी पदाधिकारी को जिम्मेदारियां दी और सभी सुजातीय बंधुओं एवं सभी अभिभावकों से जिनके पुत्र–पुत्री विवाह योग्य हैं। कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता का कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि प्रथम युवक युवती– परिचय सम्मेलन मैथिल ब्राह्मण हनुमान मंदिर धर्मशाला हनुमान नगर धौली प्याऊ पर 13 अक्टूबर को प्रात 9:00 बजे से प्रारंभ होगा। बैठक में एस शर्मा, बेनी प्रसाद शर्मा, सुरेश चंद शर्मा व्यास, सीपी शर्मा, अजय शर्मा, सुरेश शर्मा एवं केके शर्मा बबलू आदि उपस्थित थे।





अमृतदीप हॉस्पिटल
त्रिवेनी पैथोलोजी क्लीनिक (कम्प्यूटराइज्ड)
डॉ. बी.बी. गर्ग
M.B.B.S.MD (Med-), FIACM
वरिष्ठ कन्सलटेन्ट फिजीशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
सुविधायें
• अल्ट्रासाउण्ड • 2 डी – ईको कार्डियोग्राफी
• कलर डॉप्लर स्टडी • पल्मोनरी फन्क्सन टेस्ट
• एक्स-रे ई. सी. जी. • नेबूलाइजेशन
• भर्ती की सुविधा



डॉ. स्मिता गर्ग
M.B.B.S. MD (PATHOLOGY)
वरिष्ठ कन्सल्टेन्ट पैथोलोजिस्ट
सुविधायें
• F.N.A.C. एव पेप स्मीयर
• कल्चर एवं सेन्सिटीविटी
• थायराइड एवं टार्च टेस्ट
• Vitamin-D3/B12 की जाँच
• L.F.T., K.F.T., P.S.A. डेंगू चिकनगुनियाँ आदि समस्त जाँच
• वीर्य, खून, बलगम एवं मलमूत्र की समस्त जाँचे • हेल्थ चौकअप
आकाशवाणी के सामने, वृन्दावन रोड, मथुरा
मों.: 7417618988, 9997563625

## ....कला के आड़े नहीं आता मजहब

# अबकी बार फिल्म रामलीला की तर्ज पर बना रावण का पुतला

सोनू गोयल

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कलाकार का कोई मजहब नहीं होता, कला में गहरी आस्था के चलते वह आसानी से किसी भी धर्म से नाता जोड़ लेता है। हम भले मुस्लिम संप्रदाय से ताल्लुकात रखते हों, मगर हिंदू धर्म में भी हमारी गहरी आस्था है। सिर्फ रुपयों के लिए नहीं, बल्कि श्रीराम में आस्था के चलते पुतले बनाने के काम से जुड़े थे। यह कहना है रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले बनाने के काम में लगे जाबिर फारुकी का। यह परिवार सांप्रदायिक सौहार्द और आपसी भाईचारे की जिंदा मिसाल है। इस बार 70 फुट का रावण राजसी ठाट–वाट और हंसता हुआ दिखाई देगा।



मथुरा के मंडी चौराहा निवासी जाबिर फारूकी ने बातचीत में बताया कि शुरू से ही उनके बुजुर्गों के कई हिंदू परिवारों के साथ काफी अच्छे संबंध थे। धीरे–धीरे श्रीराम और रामायण के प्रति उनकी श्रद्धा बढ़ने लगी। इसी बीच उनके मन में ख्याल आया कि क्यों न ऐसा काम किया जाए, जिससे जातपात

### लंबी मूंछों वाला रावण हाथ और ढाल हिलाते और हंसता दिखेगा

और धर्म की दीवारें गिरकर आपसी भाईचारा मजबूत हो और दूसरे लोग भी इसका अनुकरण करें। बस फिर क्या था उन्होंने रामलीला के दौरान पुतले बनाना शुरू कर दिया। उन्होंने बताया कि एक बार शुरू हुआ सिलसिला कई सालों से बिना किसी विघ्न के चल रहा है। हालांकि उनके परिवार के और भी कई काम धंधे हैं। मगर उन्हें इन दिनों का बेसब्री से इंतजार रहता है। उनकी मानो तो आलम यह है कि उन्हें हिंदू त्योहारों पर पुतले बनाए बिना आत्म संतुष्टि नहीं होती। यही वजह है कि इन दिनों वे अपने दूसरे काम धंधे छोड़कर परिवार के सभी सदस्य देशभर में पुतले बनाने के लिए निकल पड़ते हैं। इस बार वे अपने परिवार के 12 सदस्यों के साथ 70 फुट उंचा रावण पुतला बनाने में जुटे हैं। इसके अलावा कुंभकरण का 60 फुट उंचा पुतला बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार रावण के पुतले को राजसी ठाट–वाट के साथ सजाया गया है। शहरवासियों को लंबी मूंछों वाला रावण हाथ, ढाल और छत्र और टुंडी हिलाते और हंसता हुआ देखने के लिए मिलेगा। उन्होंने बताया कि अबकी बार रावण के पुतले को रामलीला फिल्म की तर्ज पर तैयार किया गया है। पुतले लगभग तैयार हो चुके हैं और रविवार सुबह को इन्हें खड़े करने का काम शुरू हो जाएगा।

# दशहरा पर सेलिब्रिटी डांडिया नाइट कल



अग्रवाल क्लब परिवार के सदस्य निमंत्रण कार्ड का विमोचन करते हुए।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अग्रवाल क्लब परिवार के बैनर तले दशहरा पर सेलिब्रिटी डांडिया नाइट का आयोजन 12 अक्टूबर को रात्रि 7:00 बजे से ट्यूलिप रिसोर्ट सरस्वती कुंड पर किया जा रहा है। इसमें प्रसिद्ध सिंगर दिलनूर अपने स्वर से सभी को डांडिया नाइट में झूमने को मजबूर करेंगे। इसके साथ ही प्रसिद्ध फंकीस्तान बैंड भी अपनी प्रस्तुतियां देगा। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए आयोजन समिति की बैठक की गई।

संस्थापक अजय कांत गर्ग ने बताया कि नगर में निमंत्रण पत्र वितरित की गए हैं, जिसके माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर एंट्री हो सकेगी उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल को भव्य रूप से सजाया जा रहा है जिसमें कोलकाता के कारीगरों द्वारा 6 फीट उंचा एवं 60 फुट चौड़ा भव्य मंच बनाया गया है। पूरे ग्राउंड को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया है। बिना पास के कोई भी एंट्री नहीं हो सकेगी।

अध्यक्ष विशाल अग्रवाल, सचिव योगेश अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर लजीज व्यंजनों की स्टॉल भी लगाई गई है। बताया कि यह कार्यक्रम फैमिली प्रोग्राम है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, एसएसपी शैलेश कुमार पांडे होंगे। पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग विशिष्ट अतिथि होंगे। इस अवसर पर धीरज गोयल, विभोर तायल, कपिल मुकुट वाला, अशोक अग्रवाल, कृष्ण गोपाल अग्रवाल, दिलीप गर्ग, उज्जवल अग्रवाल, राजुल मित्तल, गौरव गोयल, रजत गोयल, मनीष अग्रवाल, नरेंद्र मुकुट वाला, अभिषेक टेंट वाला, हेमंत अग्रवाल, मोनू मुकुट वाला, वरुण गर्ग, विनोद अग्रवाल, आशीष सिंघल, अंशुल सराफ, गौरांग सिंघल, हिमांशु मांगलिक, मदन अग्रवाल, नितिन पोशाक वाला, गौरव सराफ, दीपक गोयल, पवन अडूकी वाला, रूप कृष्ण गर्ग, मनोज सर्राफ, तनुज सिंघल, विजय सलेक्शन गारमेंट्स, पुलकित अग्रवाल, पवन गिलट वाला, राजकुमार गर्ग खोवा वाला, सोमित अग्रवाल, विनय अग्रवाल, विनीत गोयल, यश गुप्ता एवं अभिषेक अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

## चरणाश्रम में 251 कन्या–लांगुरा का पूजन

**यूनिक समय, वृंदावन।** शारदीय नवरात्र में चरणाश्रम में चल रहे मां दुर्गा शप्तसती पाठ और हवन यज्ञ का रामनवमी को पूर्णाहुति के साथ समापन हो गया।

चरणाश्रम के महामंडलेश्वर डॉ. सत्यानंद सरस्वती अधिकारी गुरुजी महाराज ने 251 कन्या–लांगुरा का पूजन किया। कन्याओं को प्रसाद, दक्षिणा और उपहार सेवा की। उन्होंने शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की शक्ति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मुरली अग्रवाल, दीना पंडित, संदीप शर्मा, किरण पाठक, पूजा, लाली, माधव अग्रवाल, कविश गोयल, अशोक लाला एवं गुड्डी मैया ने भाग लिया।



चरणाश्रम में कन्या पूजन करते महामंडलेश्वर डॉ. सत्यानंद सरस्वती अधिकारी गुरुजी महाराज।

## घंटाघर के आसपास किसी को खड़ा होने नहीं दिया जाए

**यूनिक समय, कोसीकलां।** यूनिक समय में 10 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित समाचार शीर्षक घंटाघर पर बंदरों के दो गुट भिड़े, ईंट गिरने से भगदड़ का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने नगर पालिका प्रशासन को पत्राचार किया है। सीओ आशीष शर्मा ने भरत मिलाप मेला समेत अन्य मेलों के दौरान क्षेत्र के लोगों को घंटाघर के आसपास खड़े न होने के लिए जागरूक करने का आह्वान किया है। कहा कि लोगों को उसके नीचे खड़ा होने या वाहन पार्क नहीं करने दिया जाए। प्रशासन को इसकी रिपेयर को पत्राचार पुलिस द्वारा कर दिया गया है।

## पथवारी मंदिर पर हुआ हवन यज्ञ

**यूनिक समय, चौमुहां।** कस्बा के पथवारी मंदिर पर शारदीय नवरात्रि में कस्बा में शांति के वातावरण हेतु नवमी के दिन चंडी हवन यज्ञ किया गया। पंडित हेमंत शर्मा ने मंत्रोचारण के साथ हवन यज्ञ में आहुतियां डलवाई। हवन यज्ञ से पूर्व विधिविधान से पथवारी मईया की पूजा अर्चना की। श्री शर्मा ने कहा कि हवन यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है। मंदिर के महंत दाऊजी भगत, चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, शिवराम सिंह, धर्मवीर पंडित, नारायण हरि शर्मा, भूपेंद्र पंडित, दिनेश, महेश शर्मा, प्रकाश सिंह, जसराम सिंह, रमेश, नीरज एवं गौरव सिसोदिया आदि उपस्थित थे।

















# मारामारी के बीच दुकानों पर स्टॉक से अधिक मिल रहा डीएपी

## महावन क्षेत्र की एक दुकान पर हुई कार्यवाही, 93 कट्टे अधिक मिले

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** डीएपी को लेकर किसानों की बीच मारा मारी मची हुई है। रोना रोया जा रहा है कि डीएपी नहीं है। दूसरी ओर खाद बीज की दुकानों पर स्टॉक से अधिक डीएपी मौजूद है, यहां से सुविधा शुल्क के साथ किसान कितना भी डीएपी ले सकते हैं, बस रेट कुछ अधिक होंगे। ऐसी ही एक मामले में एसडीएम महावन ने कार्यवाही की है। अधिकारियों को सूचना मिली कि खाद से भरी पिकअप गाड़ी अवैध रूप से कालाबाजारी कर खाद ले जा रही है। एसडीएम के निर्देश पर तहसीलदार सुशील कुमार गुप्ता ने टीम के साथ पिकअप गाड़ी का पीछा किया। इस दौरान बलदेव थाने की पुलिस भी मौजूद रही। गाड़ी को रोक कर देखा गया तो उसमें 80 कट्टा डीएपी के भरे हुए थे। गाड़ी को रोक कर चालक से पूछताछ की गई तो उसने बताया कि वह यह खाद मडोरा स्थित अमित खाद एवं बीज भंडार से लेकर आये हैं। इसके बाद दुकान पर भी कार्यवाही की गई है। मामले में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। एसडीएम महावन आदेश कुमार ने बताया कि कल रात को सूचना मिली थी कि गाड़ी से डीएपी अवैध रूप से ले जाया जा रहा है। गाड़ी को पकड़ा जिसमें 80 बोरा डीएपी खाद के बरामद हुए। जिस दुकान से यह खाद ली गई थी वहां पहुंच कर कार्यवाही की गई। स्टॉक से मिलान किया गया। स्टॉक से 13 कट्टा अतिरिक्त पाए गये। पुलिस की अभिरक्षा में गाड़ी खड़ी है। एफआईआर दर्ज कराई जा रही है। 320 बोरा डीएपी का कुल स्टॉक था। यूरिया अलग है। इसमें से 93 कट्टा अतिरिक्त पाए गये।



मडोरा में खाद बीज की दुकान पर कार्यवाही करती टीम।

# प्रेम मंदिर के निकट मिले शव की हुई शिनाख्त

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन स्थित प्रेम मंदिर के पास मिले अज्ञात शव की शिनाख्त उसके परिजनों ने मोरचरी पर आकर की है। मृतक एटा का रहने वाला है।

प्रेम मंदिर के समीप से पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए मोरचरी भेजा था। एटा से आए उसके परिवारीजनों ने शव की शिनाख्त मनवीर 38 वर्ष पुत्र चंद्रपाल निवासी गेहतु थाना निधौली कलां जनपद एटा के रूप में की। मृतक के भाई रामेश्वर ने बताया कि पुलिस द्वारा भेजे गए फोटो मनवीर के ही थे। मनवीर गुड़गांव में रहकर मजदूरी कार्य करता था और वह दवा लेने मथुरा आया था।

# बीईओ को बताई महिला शिक्षकों की समस्याएं

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** राया महिला शिक्षक संघ विकासखंड के प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉक अध्यक्ष पूनम गर्ग के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश कुमार त्रिपाठी को ज्ञापन दिया। उन्होंने शिक्षकों की लम्बित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग की।

महिला शिक्षक नेताओं ने मांग की कि महिला शिक्षिकाओं के सीसीएल, मेडिकल अन्य अवकाश काफी समय तक मानव संपदा आईडी पर पेंडिंग पड़े रहते हैं। उनको ब्लॉक से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को समय से फॉरवर्ड किए जाएं। खंड शिक्षा अधिकारी ने आश्वासन दिया कि वे समस्याओं का समाधान करने का पूरा प्रयास करेंगे। प्रतिनिधि मंडल में ब्लॉक अध्यक्ष पूनम गर्ग, रश्मि शर्मा, आशा कुमारी एवं मीना सागर आदि शिक्षिका शामिल थी।

# सीमा मोरवाल के देवी भजनों पर जमकर थिरके भक्त



कंकाली देवी मंदिर पर आराधना कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकार।

**यूनिक समय, मथुरा।** शारदीय नवरात्रों के अंतर्गत शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत महानगर के प्राचीन कृष्ण कालीन देवी मंदिर कंकाली देवी भूतेश्वर पर आराधना कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ब्रज की प्रसिद्ध लोक गायिका डॉ. सीमा मोरवाल द्वारा गाए गए देवी के छंद, लांगुरिया गीतों को सुनकर भक्त माता के गुणगान करते हुए नृत्य करने पर विवश हो गए। माता के नौ रूपों में कन्याओं ने भवन परिसर में नृत्य करना आरंभ किया तो लोग भाव विभोर हो कर पुष्प वर्षा करने लगे। डॉ. अलका राजेश एवं साथियों ने माता की स्तुतियां गाकर अपनी प्रस्तुतियां दीं। भाजपा नेत्री मधु शर्मा ने नवदुर्गा स्वरूप कन्याओं को उपहार भेंट कर पूजन किया। इस अवसर पर राजेश शर्मा, रजत शुक्ला, अनन्या ठाकुर, वंदना सिसोदिया, गुरुप्यारी सत्संगी एवं भावना शर्मा आदि उपस्थित थे।

# राधा ऑर्किड छेड़छाड़ मामले की हो निष्पक्ष जांच : विनोद अग्रवाल

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद की कॉलोनी राधा ऑर्किड में बीती रात एक छेड़छाड़ का मामला सामने आया जिसमें राधा ऑर्किड की महिलाओं ने नाबालिग बच्चियों के साथ छेड़ छाड़ करने वाले व्यक्ति के खिलाफ काफी आक्रोश व्यक्त किया तथा मथुरा वृंदावन नगर निगम खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

इस संबंध में महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि मथुरा–वृंदावन नगर निगम में अभी एक अधिकारी स्थानांतरित हुआ था। जिसको मथुरा में रहने के लिए मकान की समस्या थी तो उसको जब तक मकान नही मिल जाता तब तक मैने कहा कि मेरे बंद पड़े मकान रह सकते है। वहीं महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार रात्रि कुछ महिलाओं द्वारा आकार अवगत कराया गया कि आपके फ्लैट में रह रहे व्यक्ति द्वारा नाबालिग बच्चियों के साथ पार्क में छेड़ छाड़ की गई। जिस पर महापौर विनोद अग्रवाल द्वारा कहा गया कि आप जो घटना अवगत करा रही है घटना बहुत ही निंदनीय है। महापौर विनोद अग्रवाल का कहना था अगर घटना घटित हुई है तो पीड़ित परिवार को तुरंत टोल फ्री नंबर 112 पर इसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को तत्काल दे देनी चाहिए थी लेकिन जिस प्रकार महिलाओं द्वारा इस मामले घसीटा गया वो प्रारंभिक तौर पर किसी प्रायोजित षड्यंत्र का हिस्सा प्रतीत होता है। वहीं महापौर विनोद अग्रवाल ने बताया घटना बहुत निंदनीय है जिसका सभ्य समाज में कोई भी व्यक्ति बचाव नही कर सकता। उसको बख्शा नहीं जाएगा उस पर निलंबन की कार्वाई की जा रही है।

राधा ऑर्किड के अध्यक्ष द्वारा थाने में लिखित तहरीर दी जिस पर सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही हैं।

# राधा दामोदर मंदिर में कार्तिक मास में होंगे विशेष आयोजन

## 14 अक्टूबर से 15 नवंबर तक मंदिर परिसर में रहेगी धूम

**यूनिक समय, वृंदावन।** सप्त देवालयों में से एक ठाकुर राधा दामोदर मंदिर में 14 अक्टूबर से 15 नवंबर तक कार्तिक मास की धूम होगी। मंदिर के बड़े गोसाई आचार्य कनिका प्रसाद गोस्वामी महाराज एवं अंग सेवी दामोदर चंद्र गोस्वामी महाराज ने बताया कि 14 अक्टूबर से 15 नवंबर तक मंदिर में कार्तिक मास के दौरान देश ही नहीं बल्कि विदेश से लाखों श्रद्धालु मंदिर में ठाकुर राधा दामोदर लाल के दर्शन एवं ठाकुर राधा दामोदर मंदिर की चार परिक्रमा करने पहुंचेंगे। कार्तिक मास को दामोदर मास भी कहा जाता है। ठाकुर राधा दामोदर लाल कार्तिक मास के अधिष्ठात्र देव है। कार्तिक मास पर तड़के मंदिर परिसर में मंगला आरती की जाएगी। वही ठाकुरजी सुबह 7:30 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक भक्तों को दर्शन देंगे। साथ ही संध्या कालीन बेला में नित्य प्रतिदिन कार्तिक मास में ठाकुर राधा दामोदर लाल अनेक रूप में अपने भक्तों को दर्शन देंगे, जिसमें वह सुभल भेष, मयूर भेष, स्वर्ण श्रृंगार भेष, ग्वाला भेष एवं अनेकों भेष धारण की झांकी शामिल है। वही मंदिर परिसर में शरद पूर्णिमा, दीपावली, गोवर्धन पूजा, देवोत्थान एकादशी पर तुलसी शालिग्राम विवाह का विशेष आयोजन होगा।

# के.डी. हॉस्पिटल के चिकित्सा महाशिविर में हजारों मरीज लाभान्वित हुए

# अब तक सैकड़ों मरीजों के हो चुके नि:शुल्क ऑपरेशन

## अब 19 अक्टूबर तक सामान्य वार्डों में भर्ती मरीजों की बेसिक जांचें होंगी मुफ्त

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रजवासियों को स्वास्थ्य लाभ देने के खातिर के.डी. मेडिकल कॉलेज–हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेण्टर की ओर से दो से 12 अक्टूबर तक लगाए गए नि:शुल्क चिकित्सा महाशिविर में अब तक हजारों मरीज लाभान्वित हो चुके हैं। पिछले 10 दिनों में विशेषज्ञ शल्य चिकित्सकों ने सैकड़ों मरीजों के नि:शुल्क ऑपरेशन कर उन्हें नया जीवन दिया है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए हॉस्पिटल प्रबंधन ने नि:शुल्क चिकित्सा महाशिविर को 19 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है।

के.डी. हॉस्पिटल के नि:शुल्क चिकित्सा महाशिविर में जहां पीड़ितों की सभी तरह की बेसिक जांचें नि:शुल्क की जा रही हैं। वहीं गम्भीर पीड़ित मरीजों को सम्पूर्ण उपचार प्रदान करने के लिए भर्ती भी किया जा रहा है। सामान्य वार्डों में भर्ती मरीजों को खाने–रहने तथा बेसिक जांचें और सामान्य दवाएं बिल्कुल मुफ्त प्रदान की जा रही हैं। चिकित्सा शिविर की जानकारी देते हुए डीन और प्राचार्य डॉ. आर.के. अशोका ने बताया कि मथुरा एवं उसके आसपास के जिलों के गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य लाभ देने की खातिर के.डी. मेडिकल कॉलेज–हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेण्टर प्रबंधन द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया है। 19 अक्टूबर तक चलने वाले चिकित्सा महाशिविर में रोगियों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांचें और उपचार किया जा रहा है। विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा प्रतिदिन रोगियों की आंखों, रक्तचाप, शुगर, हार्ट अटैक, सिरदर्द, लकवा, दौरे, मिर्गी, हड्डी रोग, सांस संबंधी रोगों तथा वायरल आदि का परीक्षण और उपचार नि:शुल्क किया जा रहा है। डॉ. अशोका का कहना है कि जनरल वार्डों में भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउंड पूरी तरह से मुफ्त तथा सीटी स्कैन और एमआरआई आधे दामों में की जा रही है। डॉ. अशोका का कहना है कि आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल तथा प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल के सेवाभावी प्रयासों के चलते ही इस नि:शुल्क स्वास्थ्य महाशिविर का लाभ ब्रजवासियों को मिल रहा है। उन्होंने ब्रज क्षेत्र के लोगों से 19 अक्टूबर तक चलने वाले नि:शुल्क चिकित्सा महाशिविर का प्रातः नौ से शाम चार बजे तक लाभ उठाने का आग्रह किया है।

आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल का कहना है कि के.डी. हॉस्पिटल का उद्देश्य हर पीड़ित को अच्छी व बेहतर चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराना है। हम चाहते हैं कि ब्रज के किसी पीड़ित को उपचार के लिए महानगरों की तरफ न भागना पड़े। प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल का कहना है चिकित्सा सेवा सबसे बड़ी मानवीय सेवा है लिहाजा ब्रज क्षेत्र को निरोगी रखने के लिए समय–समय पर के.डी. हॉस्पिटल द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया जाता है।





मरीजों की जांच करते विशेषज्ञ चिकित्सक।

# अधिकारी मिलकर करेंगे पराली की रखवाली

## डीएम ने फसल अवशेष प्रबंधन की समीक्षा बैठक ली

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में फसल अवशेष प्रबंधन की समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी ने कहा कि पराली वेस्ट नहीं वेल्थ है। पराली का समुचित प्रबंधन किया जाए। कृषकों को जागरूक एवं प्रेरित किया जाए। उन्हें बताएं कि फसल अवशेष खेतों में जलाने से नुकसान है। कृषक फसल अवशेष का सदुपयोग करें खेतों में नहीं जलाएं। किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन से संबंधित यंत्रों जैसे कम्बाईन हार्वेस्टर, एसएमएस, स्टेबिलर आदि के बारे में जानकारी दें। उन्होंने कहा कि किसान फसलों के अवशेष (खूंटी, पुआल, भूसा आदि) को खेतों में नहीं जलाए इसके लिए जिलास्तर पर विभिन्न विभागों जैसे कृषि विभाग, वन एवं पर्यावरण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, सहकारिता विभाग, पंचायती राज विभाग आदि को समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई करना है। पंचायत स्तर पर आयोजित किसान चौपाल तथा कृषि विभाग के अन्य कार्यक्रमों में फसल अवशेष न जलाने के संबंध में किसानों को जागरूक करें।

सभी कृषि सचिव तथा लेखपाल अपने अपने क्षेत्रों में पराली को गौशालाओं तक पहुंचाने का उप जिलाधिकारी, डीपीआरओ तथा बीडीओ के निर्देशन में कार्य करेंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विजय शंकर दुबे, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, डीसी मनरेगा विजय पांडेय, डीडीओ गरिमा खरे, डीपीआरओ किरन चौधरी, सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पेशाब के दौरान नजर आते हैं हाई कोलेस्ट्रॉल के ये दो लक्षण

# ज्यादातर लोग कर जाते हैं नजरअंदाज

**यूनिक समय, मथुरा।** शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर कई तरह के लक्षण नजर आते हैं। इन लक्षणों पर अगर समय पर ध्यान दिया जाए तो बड़े खतरे से बचा जा सकता है। गंदा कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर पेशाब के दौरान ये दो लक्षण दिखाई देते हैं। आप भी जान लें।

शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल हार्ट अटैक और स्ट्रॉक जैसी समस्याओं का खतरा पैदा करता है। कोलेस्ट्रॉल एक चिपचिपा पदार्थ होता है जो पीले रंग का होता है। ये कोलेस्ट्रॉल जब लिवर में भर जाता है तो खून में आने लगता है। धमनियों को ब्लॉक करता है और नसों में खून और ऑक्सीजन के संचार को रोकता है। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने से कई तरह की समस्याएं पैदा होने लगती है। शरीर कई बार हाई कोलेस्ट्रॉल के संकेत भी देता है जिन्हें लोग अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं। कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर सीने में दर्द, दबाव, चक्कर आना, पैरों में दर्द की समस्या महसूस होती है। इसके अलावा पेशाब के वक्त



भी हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण नजर आते हैं। जिन्हें नजरअंदाज करना आपके लिए भारी पड़ सकता है। हम आपको पेशाब में दिखने वाले हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षणों के बारे में बता रहे हैं।

**पेशाब में क्रिस्टल निकलना:** शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर पेशाब में कोलेस्ट्रॉल के क्रिस्टल जैसे निकलने लगते हैं। पेशाब में कोलेस्ट्रॉल क्रिस्टल का निकलना नॉर्मल है अगर ये कम मात्रा में होते हैं। लेकिन मात्रा बढ़ने पर किडनी डैमेज होने का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। आप इसे नेफ्रोटिक सिंड्रोम का लक्षण भी कह सकते हैं। अगर आपको भी ऐसा महसूस होता है तो एक बार डॉक्टर को जरूर दिखा लें।

**टॉयलेट में झाग बनना:** हाई कोलेस्ट्रॉल को एक और दूसरे लक्षण से पहचाना जा सकता है। कि कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर पेशाब में बहुत ज्यादा झाग बनने लगते हैं। इसके अलावा पेशाब का रंग थोड़ा डार्क हो जाता है। अगर आपको ये दोनों स्थिति अपने साथ होती हुई नजर आएं तो बिना देरी किए डॉक्टर की सलाह जरूर लें।


**हाई कोलेस्ट्रॉल के लक्षण :** कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर आपको काफी ज्यादा थकान महसूस हो सकती है। त्वचा पर खुजली होना और त्वचा का बहुत ड्राइ होना भी इसका संकेत है। इसके अलावा हाई ब्लड प्रेशर भी हाई कोलेस्ट्रॉल का लक्षण है। आंखों पर पीले रंग के निशान आना कोलेस्ट्रॉल हाई होने का लक्षण है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल का लेवल जांचने के लिए लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराया जाता है। ये एक ब्लड टेस्ट है जिससे आपके खून में कोलेस्ट्रॉल, ट्रिग्लिसराइड्स, हाई-डेंसिटी लिपोप्रोटीन और लो-डेंसिटी लिपोप्रोटीन की मात्रा को चेक किया जाता है।






## महीने भर बालों पर लगा लें ये जेल

# इतने सिल्की हो जाएंगे बाल कि चोटी में भी नहीं रुकेंगे, झड़ना हो जाएगा बंद



**यूनिक समय, मथुरा।** सॉफ्ट और सिल्की बाल न सिर्फ देखने में सुंदर लगते हैं बल्कि ऐसे बाल कम टूटते हैं। रूखे और बेजान बालों में हेयर फॉल की समस्या ज्यादा होती है। इसलिए बालों को सिल्की बनाने के लिए ये जेल जरूर लगाएं। बालों के टूटने से हर कोई परेशान है। शैंपू करते वक्त, तेल लगाते वक्त और बालों को कंघी करते वक्त सबसे ज्यादा बाल टूटते हैं। इसका एक बड़ा कारण बालों का रूखा और बेजान होना भी है। कुछ लोग आलस के चक्कर में बालों पर रोज हेयर मास्क या हेयर जेल नहीं लगा पाते हैं। जिससे धीरे-धीरे बालों का पोषण खत्म होने लगता है। ऐसे में बालों का झड़ना तेज हो जाता है। बालों को टूटने से बचाने के लिए हफ्ते में जब भी बालों को धोएं अलसी और एलोवेरा से तैयार जेल का उपयोग जरूर करें। इस जेल को लगाने से महीनेभर में ही आपके बाल एकदम सिल्की हो जाएंगे। जानिए कैसे तैयार करें बालों को सिल्की बनाने वाला जेल?

बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाने के लिए अलसी और एलोवेरा दोनों को मिलाकर एक जेल तैयार करना है। इसके लिए 1 चम्मच अलसी के बीज को पानी में डालकर उबाल लें। पानी में कुछ उबाल आने के बाद ही जेल जैसा बनने लगेगा। इस जेल को गर्म रहते ही किसी बर्तन में छानकर निकाल लें। ठंडा होने पर जेल गाढ़ा हो जाएगा और बीज जेल में चिपक जाएंगे। अब एक ताजा एलोवेरा की पत्ती काटें और उससे चाकू की मदद से पूरा जेल निकाल लें। आप चाहें तो मार्केट में मिलने वाले एलोवेरा जेल का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। एलोवेरा जेल को मिक्सी में डालकर पीस लें जिससे ये बालों में आसानी से लग जाएगा।

अब एलोवेरा जेल और अलसी के जेल में 1 विटामिन ई का कैप्सूल डाल लें। दोनों जेल और विटामिन ई तेल को अच्छी तरह से मिला लें। अब इसे बालों को शैंपू करने के बाद अप्लाई करें। 15 मिनट जेल को ऐसे ही बालों पर लगाकर रखें। आप कोई शॉवर कैप से बालों को कवर भी कर सकते हैं। समय पूरा होने पर बालों को सादा पानी से धो लें। इस जेल को पूरे 1 महीने तक जब भी शैंपू करें इस्तेमाल जरूर करें। 1-2 वॉश के लिए एक बार ही जेल बनाकर फ्रिज में स्टोर भी कर सकते हैं। इससे आपके बाल एकमद मुलायम, सिल्की और शाइनी हो जाएंगे।

## लौकी का पराठा एक बार खाएंगे तो भूल जाएंगे आलू प्याज के पराठे का स्वाद

# इस रेसिपी से मिनटों में करें तैयार



**यूनिक समय, मथुरा।** आलू प्याज के पराठे तो आपने खूब खाए होंगे, लेकिन क्या कभी लौकी का पराठा खाया है? लौकी से इतना टेस्टी और हेल्दी पराठा बनता है कि आपको यकीन नहीं होगा कि ये आप लौकी का पराठा खा रहे हैं। जानिए कैसे बनाते हैं लकी का पराठा?

अब तक आपने आलू, प्याज, गोभी और पनीर के पराठे तो खूब खाए होंगे। लेकिन क्या कभी लौकी का पराठा खाया है या फिर नाम भी सुना है।

शायद आपका जवाब होगा नहीं। लौकी से स्वादिष्ट पराठा बनता है। लौकी का पराठा खाने में जितना टेस्टी लगता है उससे कहीं ज्यादा हेल्दी होता है। जो लोग लौकी का नाम सुनकर मुंह बनाने लगते हैं उनके लिए लौकी का पराठा काफी अच्छा ऑप्शन है। आइये जानते हैं कैसे बनाते हैं लौकी का पराठा और लौकी के पराठे की आसान रेसिपी क्या है?

लौकी का पराठा बनाने के लिए सबसे पहले आटा गूंथ लें और आटे में थोड़ा नमक मिक्स कर लें। आटा अच्छी तरह से सेट होने के लिए रख दें।

अब लौकी को धोकर कद्दूकस कर लें। एक कड़ाही में 1 स्पून घी थोड़ा जीरा, बारीक कटी हरी मिर्च, 1 चुटकी हल्दी और फिर इसमें लौकी डालकर ढ़क दें। लौकी को हल्का फाई करना है।

अब लौकी में ऊपर से थोड़ा गरम मसाला और हरा धनिया मिला दें। इसे ठंडा होने दें। आप स्टफिंग में अपने स्वाद के हिसाब से मसाले कम या ज्यादा कर सकते हैं। ध्यान रखें लौकी को पानी सूखने तक पकाना है।

अब आटे में हल्का ऑयल लगाकर सेट कर लें और लोई तोड़कर हल्का बड़ा कर लें। बीच में 1-2 चम्मच लौकी की स्टफिंग रखें और हल्के हाथ से पराठा जैसा बेल लें।

अगर आपको पराठा बनाने में परेशानी हो या फिर स्टफिंग बाहर निकलने लगे तो इसके लिए अच्छा तरीका है कि आप 2 पतली रोटियां बेल लें। बीच में स्टफिंग रखें और रोटी को किनारे से दबाते हुए बंद कर दें।

तैयार पराठे में 1-2 बेलन लगाते हुए और बढ़ा दें और एक प्रोपर शेप दें। इसके बाद पराठे को तवा पर डालकर अच्छी तरह से दोनों साइड से सेंक लें।


तैयार है लौकी का स्वादिष्ट पराठा इसे किसी भी चटनी या सॉस के साथ आएं। आपको यकीन नहीं होगा कि लौकी से भी इतना टेस्टी और हेल्दी पराठा बन सकता है। इस पराठे को बच्चों को जरूर बनाकर खिलाएं।

# इन देशों में घूमने के लिए नहीं पड़ती वीजा की जरूरत

**यूनिक समय, मथुरा।** आज हम आपको ऐसे देशों के बारे में बता रहे हैं जहां घूमने के लिए आपको वीजा की जरूरत नहीं पड़ेगी।

पिछले कुछ सालों में टूरिज्म इंडस्ट्री ने काफी ग्रोथ की है। घूमना फिरना भले ही हमारा आपका शौक हो, लेकिन इससे देशों की इकॉनमी को बड़ा फायदा मिलता है। तभी को ऐसे कई देश हैं जो आपको वीजा फ्री टूरिज्म की सुविधा देते हैं। इन देशों में पर्यटन कमाई का बड़ा जरिया है। वीजा नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में पर्यटक इन देशों का रुख करते हैं। आज हम आपको ऐसे देशों के बारे में बता रहे हैं जहां घूमने के लिए आपको वीजा की जरूरत नहीं होगी। आप काफी किफायती बजट में इन देशों की यात्रा कर सकते हैं।

टॉप वीजा फ्री देश कौन से हैं?



**भूटान—** पूर्वी हिमालय क्षेत्र में बसा भारत का पड़ोसी देश भूटान बेहद खूबसूरत है। भूटान जाने के लिए आपको वीजा की जरूरत नहीं पड़ती। भूटान अपने शानदार मठों और मनमोहक दृश्यों के लिए जाना जाता है।

**बारबाडोस—** कैरिबियन में बना बारबाडोस सूर्य प्रेमियों के लिए किसी स्वर्ग से कम नहीं है। यहां के पुराने बीच और शानदार लोकल कल्चर लोगों को अट्रैक्ट करता है। बारबाडोस जाएं तो ऐतिहासिक ब्रिजटाउन औउ उसके गैरीसन को जरूर देखने जाएं।

**हांगकांग—** चीन का एक स्पेशल एडमिनिस्ट्रेटिव एरिया है हांगकांग, जो काफी चहल-पहल भरा शहर है। आप बिना वीजा के हांगकांग जा सकते है। ये शहर अपने शानदार स्काईलाइन और कल्चर के लिए जाना जाता है। हांगकांग में आपको काफी मजा आएगा।

**मालदीव—** हिंद महासागर का खूबसूरत द्वीप मालदीव सैलानियों के बीच काफी फेमस है। बॉलीवुड सेलेब्स अक्सर मालदीव में छुट्टियां बिताने पहुंच जाते हैं। आप बिना वीजा के मालदीव जा सकते हैं। मालदीव अपने खूबसूरत ओवरवाटर बंगलों और क्रिस्टल-क्लियर पानी के लिए जाना जाता है। ये बेस्ट हनीमून डेस्टिनेशन में से एक है।

**मॉरीशस—** अफ्रीका के तट पर बसा मॉरीशस एक द्वीप है, जो नेचर लवर्स के बीच काफी फेमस है। आप बिना वाजी के मॉरीशस घूम कर आ सकते हैं। यहां के प्राचीन समुद्र तट, लैगून और सीलाइफ आपको काफी पसंद आएगी।

**नेपाल—** भारत का पड़ोसी मुल्क है नेपाल, जहां आप बिना वीजा और पासपोर्ट के आसानी से घूमकर आ सकते हैं। हिमालय की चोटियों में बसा नेपाल ट्रेकर्स और एडवेंचर्स के लिए स्वर्ग से कम नहीं है। काठमांडू के मंदिरों से लेकर पोखरा की शांति और सुंदरता आपको नेपाल का दीवाना बना देगी।

## सम्पादकीय

# खुल रहा है ब्याज दरों में कटौती का रास्ता

रिजर्व बैंक की नवगठित मौद्रिक नीति समिति की पहली बैठक में सदस्यों ने मतदान कर 5–1 से ब्याज दरों में कोई बदलाव न करने का फैसला भले ही किया हो पर अपने रुख में बदलाव कर आने वाले दिनों में रेपो रेट में कटौती का संकेत जरूर दे दिया है। यूरोपीय सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ इंग्लैंड के बाद हाल ही में अमरीकी फेडरल रिजर्व ने अपनी दरों में कटौती करके दुनिया को इसके अनुसरण के लिए प्रेरित कर दिया है। इसलिए लगातार 10वीं बार ब्याज दरें यथावत रखने के बाद अब दिसंबर में होने वाली भारतीय मौद्रिक नीति समिति की बैठक में दरों में कटौती की संभावना बढ़ गई है। यदि कोई



पवन गौतम
संपादक

अप्रत्याशित हालात न बने तो दिसंबर या फरवरी तक ब्याज दरें कम हो सकती हैं। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास मानते हैं कि उच्च ब्याज दरों के कारण विकास दर में कमी के संकेत नहीं हैं, इसलिए भी शीर्ष बैंक कोई जोखिम नहीं लेना चाहता है। फिर भी अच्छी आर्थिक स्थिति का लाभ नीचे तक उतर सके, इसलिए ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद लंबे समय से की जा रही है।

रिजर्व बैंक के लिए खाने–पीने के सामान में महंगाई चिंता की बात बनी हुई है। हालांकि फरवरी के 8.6 फीसदी से घटकर यह अगस्त में 5.66 फीसदी हो गई है। केंद्रीय बैंक को उम्मीद है कि सितंबर में खाद्य मुद्रास्फीति में उछाल के बावजूद आने वाले महीनों में कीमतों में कमी आएगी, क्योंकि अच्छे मानसून के कारण देश में कृषि उत्पादों की स्थिति बेहतर होगी और खाद्यान्न भंडार भी भरा रहेगा। शीर्ष बैंक को अंतरराष्ट्रीय अशांति (इजरायल–गाजा–ईरान, रूस–यूक्रेन) और मौसम में अप्रत्याशित बदलाव के कारण अर्थव्यवस्था के लिए विपरीत हालात पैदा होने की भी आशंका है। मध्य–पूर्व में संघर्ष बढ़ने पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आ सकता है और विदेशी मुद्रा भंडार पर इसका विपरीत असर पड़ सकता है। जाहिर है भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए फूंक–फूंककर कदम रखना होगा। रिजर्व बैंक यही कर रहा है। अब यदि अनुमान के अनुसार अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में मुद्रास्फीति दर घटकर 4.3 फीसदी रह जाती है तो माना जाएगा कि महंगाई दर मोटे तौर पर नियंत्रित है।

रिजर्व बैंक ने इस साल विकास दर 7.2 फीसदी रहने का अनुमान लगाया हो जो अन्य रेटिंग एजेंसियों से ज्यादा है। उदाहरण के लिए, आइसीआरए ने भारत के विकास की दर 7 फीसदी तो क्रिसिल ने 6.8 फीसदी रहने की उम्मीद की है। दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए हमें और तेजी से विकास करना होगा और इसके लिए सबसे जरूरी यही है कि लोगों की क्रय शक्ति बढ़ाई जाए और इसके लिए ब्याज दरों में कटौती करना भी एक तरीका है। मौद्रिक नीति समिति की बैठक में इसका रास्ता खुलता हुआ दिख रहा है।

## नजरिया

# तमाम दुष्प्रचार के बावजूद दलितों की पसंदीदा पार्टी कैसे बन गयी भाजपा?

**नीरज कुमार दुबे**



इसी साल अगस्त में एक और अवसर आया था जब दलितों के मन में आशंकाएं पनपाने का काम किया गया। दरअसल केंद्रीय सेवाओं में लेटरल एंट्री के मुद्दे को उठाते हुए विपक्ष ने कहा कि यह दलितों और पिछड़ों को आरक्षण से वंचित करने की साजिश है।

कांग्रेस की ओर से भाजपा पर अक्सर आरक्षण को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया जाता है। इसी आरोप की वजह से लोकसभा चुनावों में भाजपा को बड़ा नुकसान भी हुआ और वह अपने बलबूते स्पष्ट बहुमत हासिल करने से चूक गयी। लेकिन उसके बाद मोदी सरकार ने सबक लिया और एक भी ऐसा अवसर नहीं आने दिया जब दलितों के मन में अपने आरक्षण को लेकर कोई शंका हो पैदा हो। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों की वजह से एससी और एसटी वर्ग के मन में आशंकाएं पनपीं तो मोदी सरकार ने साफ कर दिया कि एससी और एसटी वर्ग के आरक्षण पर कोई आंच नहीं आने दी जायेगी। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से उपजे विवाद के बीच केंद्रीय मंत्रिमंडल ने स्पष्ट कर दिया कि डॉ. भीम राव आंबेडकर के बनाये संविधान में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के आरक्षण में 'मलाईदार तबके' के लिए कोई प्रावधान नहीं है। देखा जाये तो मोदी सरकार का यह स्पष्टीकरण आरक्षण के मुद्दे को लेकर समाज में भ्रम फैलाने वालों पर करारी चोट कर गया।

इसके अलावा, इसी साल अगस्त में एक और अवसर आया जब दलितों के मन में आशंकाएं पनपाने का काम किया गया। दरअसल केंद्रीय सेवाओं में लेटरल एंट्री के मुद्दे को उठाते हुए विपक्ष ने कहा कि यह दलितों और पिछड़ों को आरक्षण से वंचित करने की साजिश है। विपक्ष के इस हमले पर तत्काल प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने लेटरल भर्ती विज्ञापन को रद्द करने के निर्देश दिये। केंद्र सरकार ने स्पष्ट कहा कि सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, इस कदम की समीक्षा और इसमें सुधार किया जायेगा। सरकार ने साथ ही देश को यह भी बताया कि लेटरल एंट्री के जरिये नियुक्तियों की शुरुआत कांग्रेस ने ही की थी। यह विषय भी दलितों और पिछड़ों को आश्वस्त कर गया कि मोदी के रहते आरक्षण को कोई खतरा नहीं है।

इसके अलावा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरक्षण के मुद्दे पर ऐसा बयान दे दिया जिससे कि भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का बड़ा मौका मिल गया। दरअसल विदेश दौरे के दौरान राहुल गांधी ने एक सवाल के जवाब में आरक्षण खत्म करने की बात कह दी। उनका यह बयान देखते ही देखते वायरल हो गया। कांग्रेस और राहुल गांधी तमाम सफाई और स्पष्टीकरण देते रहे लेकिन यह मुद्दा तूल पकड़ चुका था। राहुल गांधी के इस बयान को इस तरह से पेश किया गया जैसे कांग्रेस तत्काल आरक्षण खत्म करना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके बाद अपनी हर सभाओं में कहना शुरू कर दिया कि कांग्रेस कान खोलकर सुन ले... जब तक मोदी है, तब तक बाबा साहेब अंबेडकर के दिए आरक्षण में से रत्ती भर भी लूट करने नहीं दूंगा। भाजपा ने आरक्षण पर राहुल गांधी के बयान से उपजे विवाद को खूब तूल दिया जिससे कांग्रेस को जम्मू–कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनावों में नुकसान उठाना पड़ा है।

अगर आप जम्मू–कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणामों का विश्लेषण करेंगे तो पाएंगे कि भाजपा ने जम्मू में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी सात सीटों पर कब्जा कर लिया है जबकि हरियाणा में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित 17 में से आठ सीटों पर कब्जा किया है। यह दर्शाता है कि दलित समुदाय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के साथ फिर खड़ा हो गया है। हम आपको याद दिला दें कि 2019 के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने हरियाणा में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित पांच सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस ने छह सीटें जीती थीं। जम्मू और कश्मीर में 2014 के विधानसभा चुनावों में (2022 में परिसीमन से पहले जिसके परिणामस्वरूप सीटें 83 से बढ़कर 90 हो गईं) भाजपा ने जम्मू में एससी के लिए आरक्षित पांच सीटें जीतीं थीं और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। चुनाव परिणाम वाले दिन जब शाम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय पर विजयी संबोधन दिया था तब उन्होंने अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपा के दमदार प्रदर्शन पर भी प्रकाश डाला था।

देखा जाये तो हरियाणा में कांग्रेस को दलितों की भारी नाराजगी का सामना करना पड़ा है क्योंकि उसने पूर्व केंद्रीय मंत्री और हरियाणा में पार्टी के सबसे बड़े दलित चेहरे कुमारी शैलजा की बजाय भूपिंदर सिंह हुड्डा को सीएम पद के उम्मीदवार के रूप में पेश किया। हम आपको याद दिला दें कि हुड्डा के पिछले दो कार्यकालों की पहचान जाटों के दबदबे के रूप में की जाती है। हुड्डा के कार्यकाल में दलितों के खिलाफ अत्याचार की घटनाओं, विशेषकर मिर्चपुर में दो दलितों की हत्या की घटना लोगों के मन में ताजा थीं। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान इन घटनाओं का जिक्र तो किया ही साथ ही कांग्रेस पर दलित पृष्ठभूमि के कारण शैलजा को हाशिए पर रखने का आरोप भी लगाया। भाजपा ने राज्य में दलितों के उप–वर्गीकरण की मांग का भी समर्थन किया।

बहरहाल, देखा जाये तो 2014 से मोदी सरकार की ओर से "समावेशी विकास" पर ध्यान केंद्रित करने के कारण अनुसूचित जाति के वर्गों में भाजपा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण बना है। कांग्रेस ने 'आरक्षण और संविधान पर खतरे' की जो कहानी बुनी थी वह भले ही लोकसभा चुनाव में काम कर गई हो, लेकिन इसकी गूंज अब खत्म होती जा रही है। भाजपा दलितों के मन में यह बात बिठाने में कामयाब रही है कि बाबा साहेब द्वारा संविधान के माध्यम से दिये गये आरक्षण से कोई छेड़छाड़ नहीं कर सकता और प्रधानमंत्री मोदी के रहते कोई आरक्षण को खत्म नहीं कर सकता।

## विचार–विंडो

# दवा कारोबार की अनैतिकता से बढ़ता जीवन संकट

**ललित गर्ग**

आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है?

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवाइयों के क्वालिटी टेस्ट में 53 दवाओं को फेल कर दिया गया है। उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। इन दवाओं में बीपी, डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की कुछ दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा सीडीएससीओ ने जिन दवाओं को गुणवत्ता में फेल किया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल, पेन किलर डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी फार्मास्युटिक्लस कंपनी की दवाएं भी शामिल हैं और इनको सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। निश्चित ही यह खबर परेशानी एवं चिन्ता में डालने वाली है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी होने से उन मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन–डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन–सी, एंटी–एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं।

रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन–रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह–तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। अमानक पाई गई दवाइयों के ये मामले तो तब आए हैं जब पहले से ही दवाओं की गुणवत्ता तय करने के लिए कई सख्त प्रक्रियाएं होती हैं। इनमें कच्चे माल की जांच और निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण तक शामिल होता है। इसके बावजूद नामी दवा निर्माता कंपनियों के उत्पाद भी मानकों पर खरे नहीं उतरें तो यह माना जाना चाहिए कि कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में ये कंपनियां नैतिकता एवं मानवीयता को ताक पर रखने लगी है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब दवाइयां गुणवत्ता के पैमानों पर खरी नहीं उतरी हैं।

आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की



विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध–अनुसंधान की जरूरत है। चिंता यह भी कि यदि रैंडम सैम्पलिंग में ये दवाइयां पकड़ी नहीं जाएं तो इनकी खुलेआम बिक्री लोगों की सेहत पर खतरा बन कर मंडराती रहती हैं। एक तरफ सीडीएससीओ ने दवाओं की सुगम आपूर्ति के लिए अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा व यूरोपीय संघ के कुछ चुनिंदा देशों से आयातित दवाओं को नियमित नमूना परीक्षण से छूट दी है, वहीं देश के बाजारों में पहुंची दवा निर्माता कंपनियों की दवाओं में मिलने वाली यह खोट हमारी छवि पर विपरीत असर डालने वाली है।

दवा परीक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य ही है क्योंकि दवा कारोबार में हेराफेरी का खेल लोगों की जान का दुश्मन बन सकता है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से कतराती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये पीड़ित मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। व्यथित करने वाली बात है कि गुणवत्ता एवं मानक में फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि इसी साल अगस्त में केंद्र सरकार ने 156 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन यानी एफडीसी दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। दरअसल, ये दवाइयां आमतौर पर सर्दी व बुखार, दर्द निवारक, मल्टी विटामिन और एंटीबायोटिक्स के रूप में इस्तेमाल की जा रही थी। मरीजों के लिये नुकसानदायक होने की आशंका में इन दवाइयों के उत्पादन, वितरण व उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। सरकार ने यह फैसला दवा टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिश पर लिया था। जिसका मानना था कि इन दवाओं में शामिल अवयवों की चिकित्सकीय गुणवत्ता संदिग्ध है। दरअसल, एक ही गोली को कई दवाओं से मिलाकर बनाने को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ड्रग्स यानी एफडीसी कहा जाता है। बहरहाल, सामान्य रोगों में उपयोग की जाने वाली तथा जीवनरक्षक दवाओं की गुणवत्ता में कमी का पाया जाना, मरीजों के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिसके लिये नियामक विभागों की जवाबदेही तय करके घटिया दवा बेचने वाले दोषियों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। असल में इस तरह की दानवी सोच वाले लोग सिर्फ अपना स्वार्थ देखते हैं। ऐसे लोग धन–संपत्ति आदि के जरिए सिर्फ अपना ही उत्थान करना चाहते हैं, भले ही इस कारण दूसरे लोगों और पूरे समाज ही मौत के मुंह में जा रहे हो, यह मानवीय संवेदनाओं के छीजने की चरम पराकाष्ठा है। यह कैसी विडम्बना एवं विसंगतिपूर्ण दौर है जिसमें जिसको जहां मौका मिल रहा है, वह लूटने में लग हुआ है, यहाँ कोई भी व्यक्ति सिर्फ तब तक ही ईमानदार है जबतक उसको चोरी करने का या लूटने का मौका नहीं मिलता। हद तो तब है जब कई जगह जीवनरक्षक इंजेक्शनों की जगह नकली इंजेक्शन तैयार करने की खबरें भी आती रहती हैं। हम कितनें लालची एवं अमानवीय हो गये हैं, हमारी संवेदनाओं का स्त्रोत सूख गया है, तभी अपना ईमान बेच कर इंजेक्शन में पैरासिटामोल मिलाकर बेचने लगते हैं, हम तो अपनी तिजोरियां भरने के लिए जिंदा इंसानों को ही नोच रहे हैं, कहाँ लेकर जाएंगे ऐसी दौलत या फिर किसके लिए? यह कैसी मानवीयता है?

दवाओं की गुणवत्ता से खिलवाड़ दवा निर्माता कम्पनियों का एक घिनौना, क्रूर एवं अमानवीय चेहरा ही है जो मनुष्य के स्वास्थ्य को चौपट कर रहे हैं। एक तो बीमारियों का कोई कारगर इलाज नहीं है, दूसरा इन बीमारी में काम आने वाली तमाम जरूरी दवाइयां लालची लोगों ने अमानक एवं दोषपूर्ण कर दी हैं। बढ़ती बीमारियां इन राक्षसों के कारण ही बेकाबू हो रही है। सरकारें इन त्रासद स्थितियों एवं बीमारी पर नियंत्रण पाने में नाकाम साबित हुई है। देश के लाखों लोग कातर निगाहों से शासन–प्रशासन की ओर देख रहे हैं कि कोई तो राह निकले। सरकार का व्यवस्था पर नियंत्रण कमजोर होता दिख रहा है। आम आदमी जाए तो कहां जाये? विश्व को श्रेष्ठ, नैतिक एवं मानवीय बनने का उपदेश देने वाला देश आज कहां खड़ा है? आज इन मूल्यों एवं संवेदनाओं की दृष्टि से देश कितना खोखला एवं जर्जर हो गया है। आज भौतिक एवं स्वार्थी मूल्य अपनी जड़ें इतनी गहरी जमा चुके हैं कि उन्हें निर्मूल करना आसान नहीं है। मनुष्य का संपूर्ण कर्म प्रदूषित हो गया है। सारे छोटे–बड़े धंधों में अनीति प्रवेश कर गई है। अमानक दवाओं का बढ़ता बाजार एक कलंक बनकर उभरा है। निस्संदेह यह संकट जल्दी समाप्त होने वाला नहीं है। ऐसे में सरकारों को दूरगामी परिणामों को ध्यान में रखकर रणनीति बनानी होगी।

# भारत के खिलाफ सीरीज से पहले न्यूजीलैंड के कप्तान ने दिखाए आक्रामक तेवर

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी महीने टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। जिसके लिए न्यूजीलैंड टीम को भारत दौरे पर आना है, और इस दौरे पर केन विलियमसन की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम लैथम को टीम की कमानी सौंपी गई है।

बांग्लादेश के खिलाफ भारत और न्यूजीलैंड के बीच इसी महीने टेस्ट सीरीज खेली जाएगी। जिसके लिए न्यूजीलैंड टीम को भारत दौरे पर आना है, और इस दौरे पर केन विलियमसन की जगह विकेटकीपर बल्लेबाज टॉम लैथम को टीम की कमान सौंपी गई है। लेकिन सीरीज से पहले कप्तान टॉम लैथम ने टीम इंडिया को चुनौती दे डाली है।



भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जानी है। सीरीज से पहले टीम साउदी ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया और ऐसे में लैथम को कप्तानी सौंपी गई है। साउदी ने इस्तीफा श्रीलंका में मिली हार के बाद दिया है। कप्तान के तौर पर लैथम का पहला असाइनमेंट भारत दौरा है जो काफी मुश्किल माना जाता है।

कप्तान बनने के बाद लैथम ने अपनी टीम के खिलाड़ियों से कहा है कि वह भारत के खिलाफ बिना डर के खेले। उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड की टीम भारत को उसके घर में चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि, मेरे विचार में हमें अच्छा काम जारी रखना चाहिए। मैं अपनी टीम की स्पिन पर निर्भर करूंगा। भारत जाना अच्छी चुनौती है। एक बार हम वहां चले गए, उम्मीद है कि हम वहां पूरी स्वतंत्रता के साथ खेल सकेंगे। बिना डर के खेलेंगे और उन्हें हराने की पूरी कोशिश करेंगे। अगर हम ऐसा कर पाते हैं तो हम अपने आप को ही मौका देंगे। लैथम ने भारत में खेली गई टेस्ट सीरीजों पर नजर डाली है और यहां खेलने का तोड़ निकाला है। उनका मानना है कि भारत में भारत के खिलाफ जीत हासिल करने का तरीका आक्रामक क्रिकेट ही है। उन्होंने कहा कि, हमने देखा है कि भारत में जिन टीमों ने पहले अच्छा खेल दिखाया है वह काफी आक्रामक रही हैं, खासकर बैट से। वह कुछ शॉट खेलते हैं जिससे टीम इंडिया दबाव में आ जाती है। हम फैसला करेंगे कि हमें वहां जाकर किस तरह से खेलना है। उम्मीद है कि हम अच्छी तरह से तालमेल बिठा सकेंगे।

### 'सिंघम अगेन' से पहले होगा बाजीराव का तांडव

# सिनेमाघरों में फिर धूम मचाएगी 'सिंघम'



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अजय देवगन बाजीराव सिंघम बनकर पर्दे पर वापसी करने के लिए तैयार हैं। वो जल्द ही पूरी टीम के साथ 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगे। वही पुराना किरदार नए अंदाज में दिखेगा। फिल्म दिवाली पर रिलीज हो रही है। फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के बाद से ही लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। मेकर्स ने फिल्म की रिलीज से पहले ही बड़ा फैसला किया है। जल्द ही फिल्म के पहले पार्ट 'सिंघम' को थिएटर्स में रिलीज कर रहे हैं। ऐसे में अगर आप सिंघम का टशन भूल गए हैं तो आप पहले पार्ट को देखकर पुरानी यादें ताजा कर सकते हैं। निर्देशक रोहित शेट्टी ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की।

रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम पर 'सिंघम' का मोशन पोस्टर शेयर किया है, जिसमें अजय देवगन सिंघम के मशहूर पोज में नजर आ रहे हैं। उन्होंने इसके साथ लिखा, 'दिवाली पर पूरी ताकत के साथ आने से पहले। अनुभव करें कि यह सब फिर से कैसे शुरू हुआ। फिर से भीड़ का अनुभव करें। फिर से उल्लास का अनुभव करें। सिंघम अगेन से पहले एक बार फिर सिंघम का अनुभव करें!' निर्माताओं ने कहा, सिंघम को सिनेमाघरों में वापस लाने का फैसला सिंघम अगेन की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर फिर से सामूहिक मनोरंजन करने वाले सिंघम का अनुभव करने के लिए उत्सुक प्रशंसकों की भारी मांग को देखते हुए लिया गया है।'

यह फिल्म दशहरा के एक सप्ताह बाद 18 अक्टूबर को पूरे भारत में रिलीज होगी और इसकी तीसरी कड़ी 'सिंघम अगेन' के स्क्रीन पर आने से दो सप्ताह पहले। रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित 'सिंघम' 2011 में रिलीज हुई थी। सूर्या की इसी नाम की तमिल हिट की रीमेक 'सिंघम' में अजय देवगन, प्रकाश राज और काजल अग्रवाल ने अभिनय किया था। यह बॉक्स ऑफिस पर बहुत बड़ी सफलता थी, जिसने 40 करोड़ के बजट में 141 करोड़ की कमाई की थी। पुलिस यूनिवर्स को अब 'सिंघम अगेन' में एवेंजर्स–स्टाइल क्रॉसओवर इवेंट मिलेगा। इस फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर और अर्जुन कपूर के साथ रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और दीपिका पादुकोण भी लीड रोल में हैं। फिल्म 1 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की रेस से पाकिस्तान बाहर

# अंक तालिका में रसातल में पहुंची टीम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट का अंत करीब नजर आ रहा है। तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला ही मुकाबला पाकिस्तानी टीम इंग्लैंड से हार गई है। पाकिस्तान ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुए 550 से ज्यादा रन बनाए थे, लेकिन इसके बाद भी टीम को पारी की हार का सामना करना पड़ा है। सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही है। बड़ी बात ये भी है कि इस मुकाबले को हराने के साथ ही पाकिस्तानी टीम अब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल की भी रेस से बाहर हो गई है। वहीं इंग्लैंड को इस जीत से फायदा हुआ है। उसका पीसीटी बढ़ गया है। पाकिस्तान के लिए शर्मनाक बात ये है कि अब ये टीम प्वाइंट्स टेबल में सबसे नीचे चली गई है। पाकिस्तान पर मिली इंग्लैंड की जीत के बाद विश्व टेस्ट चैंपियनशिप



की प्वाइंट्स टेबल में बदलाव हो गया है। हालांकि इससे टीम इंडिया की सेहत पर कोई भी असर नहीं हुआ है। भारतीय टीम अभी भी पहले नंबर पर है। हम आपको टॉप की तीन टीमों के बारे में बताएंगे, उनके पीसीटी की भी जानकारी देंगे, लेकिन इसे पहले आपको पाकिस्तान और इंग्लैंड का हाल जानना चाहिए। इंग्लैंड से मिली पारी और 47 रन की हार के बाद पाकिस्तान की टीम अब डब्ल्यूटीसी में सबसे नीचे आ गई है। इससे शर्मनाक बात क्या होगी कि टीम को अब नौवें नंबर पर आना पड़ गया है। पाकिस्तान बनाम इंग्लैंड के बीच मुल्तान टेस्ट से पहले तक पाकिस्तान का पीसीटी 19.050 का था, जो अब घटकर 16.67 हो गया है। वहीं वेस्टइंडीज की टीम को बिना खेले ही एक स्थान का उछाल मिल गया है। वेस्टइंडीज की टीम अब 18.520 के पीसीटी के साथ नंबर आठ पर पहुंच गई है। बात अगर इंग्लैंड की करें तो इस मैच से पहले तक उसका पीसीटी 42.190 का था, जो अब बढ़कर 45.59 हो गया है। हालांकि इसके बाद भी उसे अभी चौथे स्थान पर ही रहना होगा।

इस बीच अगर पहले, दूसरे और तीसरे नंबर की टीम की बात की जाए तो यहां पर भारत, ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका की टीमें काबिज हैं। उनकी सेहत पर इस पूरे मामले से कोई भी असर नहीं पड़ा है। टीम इंडिया का पीसीटी इस वक्त 74.240 का है। ऑस्ट्रेलिया का पीसीटी 62.500 का है और ये टीम नंबर दो पर है। श्रीलंका की टीम 55.560 के पीसीटी के साथ नंबर तीन पर है।

# साउथ की इस हॉरर फिल्म को देख पकड़ लेंगे माथा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** साउथ की सुपरहिट हॉरर फिल्म 'चंद्रमुखी', 'कंचना', 'माया' और 'द हाउस नेक्स्ट डोर' के बारे में लोगों ने सिर्फ सुना ही नहीं है बल्कि ये मूवीज देखी भी है। वहीं इस साल गुरु सरवनन और सबरी द्वारा निर्देशित एक ऐसी ही भूतिया फिल्म रिलीज हुई, लेकिन वह 2024 की सबसे बड़ी डिजास्टर रही।

साउथ इंडस्ट्री अपनी शानदार एक्शन, कॉमेडी, सस्पेंस–थ्रिलर और हॉरर फिल्मों की कहानी के कारण हमेशा लोगों के बीच जबरदस्त चर्चा में रहता है।

इतना ही नहीं बिग हो या लो बजट मूवी सभी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन करने के बाद ओटीटी पर भी तहलका मचाती रहती है। वहीं साउथ की कई हॉरर फिल्में ऐसी भी हैं जो दर्शकों इतनी पसंद आई कि मेकर्स ने उनके कई भाग भी बनाए और सभी की फ्रेंचाइजी हिट रही हैं। 'चंद्रमुखी' और 'कंचना' उन्हीं में से एक है, जिसका हर पार्ट दर्शकों को खूब पसंद आया है। लेकिन, आज हम किसी हिट, ब्लॉकबस्टर या सुपर डुपर हिट हॉरर फिल्म के बारे में नहीं बल्कि 2024 की सबसे बड़ी डिजास्टर रही है गुरु सरवनन और सबरी द्वारा निर्देशित इस हॉरर फिल्म में हंसिका मोटवानी ने भूत की भूमिका निभाई हैं। अगर आप भी हॉरर फिल्में देखने के शौकीन हैं तो इस फिल्म को बिल्कुल न देख क्योंकि इसमें डर के नाम पर कुछ भी नहीं है।

## कमाए थे महज 80 लाख, 2024 की सबसे बड़ी डिजास्टर

फिल्म की कहानी इतनी बोरिंग है कि आपको खुद आने वाले सीन के बारे में पता चल जाएगा। वहीं इस फिल्म के आधे से ज्यादा सीन्स आपको जाने पहचाने लगने वाले हैं। हंसिका मोटवानी की इस हॉरर फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 80 लाख की कमाई की थी। फिल्म को लोगों से रिव्यू भी कुछ खास नहीं मिले थे। यहां तक की रिलीज के दो महीने बाद फिल्म चर्चा में आई थी।

हम हंसिका मोटवानी की जिस हॉरर फिल्म के बारे में बात कर रहे हैं वो 8 मार्च, 2024 में रिलीज हुई थी और उसके 2 महीने बाद ओटीटी पर स्ट्रीम की गई थी।

फिल्म का नाम 'गार्जियन' है। इस फिल्म को 10 में से 4 रेटिंग मिली थी। फिल्म में हंसिका मोटवानी के आलाव सुरेश चंद्र मेनन और श्रीमन ने अभिनय किया है। इसे आप ओटीटी प्लेटफॉर्म जीओ सिनेमा पर फ्री में देख सकते हैं।

गुरु सरवनन और सबरी द्वारा निर्देशित इस हॉरर फिल्म में हंसिका भूत की भूमिका में हैं। सह–निर्देशक के रूप में दोनों ने दूसरी बार साथ में काम किया है।

इससे पहले उनकी पहली फिल्म 'गूगल गुटप्पा' आई थी।

# क्रिकेटर मुशीर खान से मिलने पहुंचे रोहित शर्मा




**यूनिक समय, नई दिल्ली।** टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने मुंबई के युवा बल्लेबाज मुशीर खान से मुलाकात की। मुशीर खान पिछले महीने एक कार एक्सीडेंट में चोटिल हो गए थे। वह फिलहाल रिकवरी के प्रोसेस में हैं। मुशीर खान टीम इंडिया के खिलाड़ी सरफराज खान के छोटे भाई हैं।

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा फिलहाल आराम पर है। वह हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में नजर आए थे। रोहित अब न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली जाने वाली टेस्ट सीरीज से मैदान पर उतरेंगे। दोनों टीमों के बीच ये सीरीज 16 अक्टूबर से खेली जाएगी। इस सीरीज से पहले रोहित शर्मा ने मुंबई क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज मुशीर खान से मुलाकात की। मुशीर खान हाल ही में एक कार एक्सीडेंट में चोटिल हो गए थे। इस दौरान मुशीर खान के साथ उनके पिता नौशाद खान भी थे।

19 साल के खिलाड़ी मुशीर खान मुंबई के एक उभरते हुए सितारे हैं। वह पिछले महीने के आखिरी में अपने पिता नौशाद खान के साथ कानपुर से लखनऊईरानी कप मुकाबले के लिए जा रहे थे, तभी उनकी कार का एक्सीडेंट हो गया था। इस दौरान उनकी कार एक्सीडेंट के बार 4–5 बार पलटी, जिसके चलते उनकी गर्दन में गंभीर चोट आई थी। इस वजह से वह फ्रेक्चर का शिकार हो गए थे। ऐसे में रोहित शर्मा ने उनसे मुलाकात की और उनका हाल–चाल पूछा। रोहित ने मुशीर और उनके पिता नौशाद खान के साथ तस्वीर भी खिंचवाई। इस फोटो को मुशीर और उनके बड़े भाई सरफराज खान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया।

## सुविचार



इंसान को इंसान की नजर से तोलिये, दो शब्द ही सही मगर प्यार से बोलिए!

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 10:58-09:09 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | श्रवण | 05:25-04:27 तक | माह | आश्विन |
| सूर्योदय | | 6:21 AM | चन्द्रोदय | 02:35 PM |
| सूर्यास्त | | 5:49 PM | चंद्रास्त | 01:25 AM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | धनु राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | | 11:42 AM –12:28 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:45-05:33 |
| त्योहार/व्रत | | विजया दशमी | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल | | 09:13 AM – 10:39 AM | वार | शनिवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### रावण वध से पहले श्री राम ने की थी देवी दुर्गा की आराधना

# जिसे कहते हैं अकाल बोधन

**यूनिक समय, मथुरा।** कहानी के मुताबिक, जब भगवान राम रावण से युद्ध करने के लिए तैयार हो रहे थे, तब उन्हें देवी दुर्गा के चंडी स्वरूप पूजा करने की सलाह दी गयी थी। श्री राम से कहा गया था कि अगर वह माता की आराधना करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर लेते हैं तो वह आसानी से रावण का वध कर पाएंगे।

दशहरा के पावन अवसर पर बुराई पर अच्छाई की जीत हुई थी, जब भगवान श्री राम ने माता सीता का हरण करने वाले रावण का वध किया था। ये बात सभी को पता है। लेकिन क्या आपको ये पता है कि रावण का वध करने के लिए श्री राम को देवी दुर्गा की मदद लेनी पड़ी थी। इतना ही नहीं देवी दुर्गा को प्रसन्न करने के लिए श्री राम अपनी एक आंख भी अर्पित करने के लिए तैयार हो गए थे। क्यों? चलिए जानते हैं रामायण की इस कहानी के बारे में।



भगवान राम ने मां दुर्गा को अपनी आंख अर्पित करने की कथा रामायण से जुड़ी हुई है, जो मुख्य रूप से अकाल बोधन नामक घटना के रूप में प्रचलित है। कहानी के मुताबिक, जब भगवान राम रावण से युद्ध करने के लिए तैयार हो रहे थे, तब उन्हें देवी दुर्गा के चंडी स्वरूप पूजा करने की सलाह दी गयी थी। श्री राम से कहा गया था कि अगर वह माता की आराधना करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त कर लेते हैं तो वह आसानी से रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त कर पाएंगे।

देवी दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए श्री राम ने अकाल बोधन किया। अकाल बोधन का अर्थ है असमय में पूजा। ये एक विशेष पूजा होती है, जिसके जरिए देवी दुर्गा को नींद से जगाया जाता है। सामान्यतः देवी दुर्गा की पूजा वसंत ऋतु (चैत्र नवरात्रि) में की जाती थी, लेकिन राम ने इस पूजा को शरद ऋतु में किया।

अकाल बोधन के लिए श्री राम को 108 नीले कमल की आवश्यकता थी। उन्होंने 108 कमल फूल एकत्रित किए पर पूजा के समय एक फूल कम पड़ गया। पूजा के दौरान श्री राम अपनी जगह से उठ नहीं सकते थे। फिर उन्हें याद आया कि उनकी मां उन्हें 'कमल–नयन' कहती थी क्योंकि उनकी आंखें कमल के फूल के समान है। इसलिए श्री राम ने अपनी एक आंख देवी दुर्गा को अर्पित करने का निश्चय किया। उनकी भक्ति और समर्पण से माँ दुर्गा प्रसन्न हुईं और उन्होंने राम को रावण के साथ युद्ध में विजय का आशीर्वाद दिया।

अकाल बोधन की यह परंपरा बंगाल और पूर्वी भारत में विशेष रूप से लोकप्रिय है, जहाँ इसे दुर्गा पूजा के साथ जोड़ा जाता है। इसी घटना के बाद से शरद ऋतु में दुर्गा पूजा की शुरुआत मानी जाती है, जिसे आज भी बंगाल में विशेष धूमधाम से मनाया जाता है।



शुक्रवार की सुबह वृंदावन स्थित मां कात्यायनी मंदिर में विशेष संधि पूजा आरती में दर्शन करते श्रद्धालु।



संधि पूजा विशेष आरती को हाथों से स्पर्श करते श्रद्धालु।

# कुम्भकरण वध, मेघनाद वध व सुलोचना सती का हुआ मंचन



**यूनिक समय, मथुरा।** श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में कुम्भकरण वध, मेघनाद वध एवं सुलोचना सती का मंचन रामलीला मैदान तत्पश्चात चित्रकूट लीला मंच पर किया गया।

रावण का दूत रावण को लक्ष्मण के जीवित हो जाने का समाचार देता है। रावण कुम्भकरण को जगाने की आज्ञा देता है। कुम्भकरण रावण से उसे अधूरी नींद में जगाने का कारण पूछता है। रावण उसे सारा वृत्तान्त बताता है। सुन कर कुम्भकरण कहता है कि सीता का हरण कर तुमने अच्छा कार्य नहीं किया है तुमने साक्षात भगवान से विरोध किया है। वह विविध प्रकार से समझाता है लेकिन रावण की आज्ञा से वह रणभूमि में जाकर वानर दल पर टूट पड़ता है। यह देख हनुमानजी के प्रहार से हनुमानजी गिर जाते हैं । वह पुनः वानर भालुओं को पकड़–2 कर मारता है। तत्पश्चात श्रीराम का कुम्भकरण से युद्ध होता है । राम कुम्भकरण का वध कर देते हैं ।

कुम्भकरण के वध से रावण अचम्भित व शोकमग्न हो जाता है। मेघनाद बदला लेने के लिए तत्पर होकर युद्ध को जाता है। वह पूरे रामादल को नागपाश में बांध देता है। जामवंत से उसका युद्ध होता है। नारद यह देखते हैं कि सर्वथा स्वतंत्र व बंधन मुक्त रहने वाले प्रभु अपनी नरलीला करने के कारण नागपाश में बंधे पड़े हैं। नारद गरुड़ जी से बंधन मुक्त करने को कहते हैं। गरुड़ जी वहां पहुंच कर नागपाश से मुक्ति दिलाते हैं।

राम की आज्ञा पाकर लक्ष्मण मेघनाद से युद्ध कर उसका वध कर देते हैं मेघनाद की पत्नी सुलोचना को दासी बताती है कि उसके आंगन में आभूषण युक्त पुरुष की भुजा कटी पड़ी है। सुलोचना उस भुजा को पहचान लेती है कि यह उसके पति की भुजा है, लेकिन उसको विश्वास नहीं होता है, वह भुजा से कहती है कि यदि यह मेरे पति की भुजा हो तो सारा हाल लिख कर दुविधा मिटा दे। भुजा सारा हाल लिख देती है। विलाप करती है व लंकापति रावण के पास पहुंच कर सारा वृत्तान्त बताती है। रावण स्वयं घोर युद्ध कर पुत्र का बदला लेने का आश्वासन देता है। तत्पश्चात वह मन्दोदरी के पास जाती है। मंदोदरी कहती है कि जो घटना लंका में घट रही है उसकी भविष्यवाणी नारद मुनि मुझसे पहले ही कर गये थे। सुलोचना रामादल में पहुंच कर प्रभु राम को प्रणाम करती है। सुग्रीव मेघनाद का मस्तक सुलोचना को सौंप देते हैं। सुग्रीव सन्देह प्रकट करते हैं कि कटी हुई भुजा ने कुछ लिखा होगा ? राम कहते हैं कि आपका यह कुतर्क अनुचित है पतिव्रता स्त्री बड़ी सामर्थवान होती है जब यह कटा हुआ मस्तक भी हसेगा। सुलोचना मस्तक से हंसने की कहती है मेघनाद का मस्तक खिलखिला कर हंसता है । सुग्रीव का भ्रम समाप्त हो गया।

सुलोचना ने प्रभु राम से निवेदन किया कि वह अपने पति के साथ सती होने जा रही हूं, हे कृपालु आज के दिन आप युद्ध बन्द रखने की कृपा करें। श्रीराम एवमस्तु कहते हैं और सुखपूर्वक अपने पति के साथ प्रभु के धाम जाने का आशीर्वाद दिया। 12 अक्टूबर को सायं 4 बजे से अहिरावण व रावण वध लीला, अहिरावण–रावण पुतला दहन रामलीला मैदान में होगी।

### दशहरे के दिन कर लें ये काम, सुधर जाएगा घर का वास्तु

# पूरे वर्ष भर घर में बढ़ेगी सुख–समृद्धि

**यूनिक समय, मथुरा।** दशहरा हिंदू धर्म का पवित्र त्योहार है। इस दिन कुछ कार्य करके आप घर के वास्तु को सुधार सकते हैं, आज हम इसी बारे में आपको अपने इस लेख में जानकारी देंगे। दशहरा त्योहार साल 2024 में 12 अक्तूबर को मनाया जाएगा। ये हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, जिसे विजयदशमी भी कहा जाता है। इस दिन रावण दहन के साथ ही कई तरह के धार्मिक आयोजन भी हिंदू धर्म के लोगों के द्वारा किए जाते हैं। साथ ही इस दिन कई तरह के उपाय भी लोग करते हैं, और इनसे लाभ भी उनको प्राप्त होता है। ऐसे में आज हम आपको दशहरे के दिन किए जाने वाले कुछ ऐसे कार्यों के बारे में बताएंगे, जिनको करने से घर का वास्तु सुधरता है, और घर में सुख–समृद्धि बनी रहती है।



**घर में इस स्थान पर लगाएं शमी का पौधा:** शमी के पौधे को अत्यंत शुभ माना जाता है। हालांकि इसको घर के अंदर लगाना वास्तु में सही नहीं माना जाता। लेकिन घर के आंगन या फिर बालकनी में आप इसको लगा सकते हैं। इस पौधे को लगाने से घर में मौजूद नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और धन–धान्य जीवन में आपको प्राप्त होता है। शमी के पौधे को बालकनी या आंगन में दक्षिण दिशा की ओर लगाना चाहिए।

**घर लाएं रावण दहन की लकड़ी :** दशहरे के दिन रावण दहन किया जाता है। अगर आप इस दिन रावण दहन के बाद बची कोई लकड़ी घर ले आएं लकड़ी न मिले तो राख भी आप ला सकते हैं, इसको घर की तिजोरी में रख दें तो, इससे भी घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। ऐसा करने से आपको आर्थिक लाभ मिलने की भी संभावना रहती है। घर के वास्तु में भी ऐसा करने से सुधार होता है।

**झाड़ू का दान :** हिंदू धर्म में झाड़ू को माता लक्ष्मी से जोड़कर देखा जाता है। मान्यताओं के अनुसार, इस दिन अगर आप एक झाड़ू खरीदकर किसी को दान दे देते हैं तो, वास्तु दोष के कारण जो परेशानियां आपके जीवन में आ रही थीं वो दूर हो जाती हैं। यह उपाय आपके लिए नए अवसर लेकर आता है, करियर से जुड़ी कई परेशानियों का अंत इस उपाय को करने के बाद हो जाता है।

**घर में जलाएं चौमुखी दीपक :** अगर आप चाहते हैं कि, घर का वास्तु दोष दूर हो और देवी–देवताओं के साथ ही पितरों का आशीर्वाद भी आपको प्राप्त हो तो, घर की दक्षिण दिशा में आपको चौमुखी दीपक जलाना चाहिए। सुख–संपदा और करियर में उन्नति के लिए भी आपको दशहरे के दिन दक्षिण दिशा में चौमुखी दीपक जलाना चाहिए। चौमुखी दीपक को जलाने से घर के लोगों को मानसिक शांति भी प्राप्त होती है।

**लक्ष्मी सूक्त का करें पाठ :** दशहरे के पावन पर्व के दिन अगर आप लक्ष्मी सूक्त का पाठ करते हैं तो इससे भी जीवन की आर्थिक समस्याओं से आपको मुक्ति मिल सकती है। यह कार्य आपके संचित धन में भी वृद्धि करने का काम करता है। माना जाता है कि, श्री सूक्त का पाठ दशहरे के दिन करने से साल भर आपके जीवन में सुख–समृद्धि बनी रहती है।

# जेपीएनआईसी को सील करने पर गरमाई प्रदेश की सियासत



## अखिलेश बोले–जब पुलिस वहां से हटेगी हम तब करेंगे माल्यार्पण

**यूनिक समय, लखनऊ।** अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जेपीएनआईसी के मेन गेट पर लगाई जा रही टिन का वीडियो शेयर करते हुए कहा है कि किसी को नमन करने या श्रद्धांजलि देने से रोकना सुसभ्य लोगों की निशानी नहीं।

जयप्रकाश नारायण की जयंती पर शुक्रवार को समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव की निर्धारित यात्रा से पहले जय प्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय केंद्र (जेपीएनआईसी) को सील कर दिया गया है। बैरिकेडिंग की गई है और पुलिस बल तैनात किया गया है। अखिलेश के घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। इससे सपा नेता आक्रोशित हैं। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता पुलिस बल और बैरिकेडिंग की मौजूदगी के बीच पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के आवास पर इकट्ठा होने लगे हैं।

बता दें कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव आज जयप्रकाश नारायण की जयंती पर गोमती नगर स्थित जेपीएनआईसी का दौरा करने वाले थे। अखिलेश यादव ने कहा कि जयप्रकाश नारायण की जयंती के दिन सपा कार्यकर्ता उनके म्यूजियम में जयंती मनाते हैं। लेकिन हमें दो बार से माल्यार्पण करने से रोका जा रहा है।

विरोध प्रदर्शन के बीच पुलिस अधिकारी अखिलेश यादव से बात करने के लिए उनके निजी आवास के अंदर गए।

इसके बाद अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह सरकार इस सेंटर को बेचना चाहती है। उन्होंने कहा कि ये बैरीकेडिंग सपा के कार्यकर्ताओं को रोक नहीं पाएगी। पुलिस कब तक यहां रहेगी। जब पुलिस वहां से हटेगी तब हम वहां माल्यार्पण करेंगे।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव बृहस्पतिवार को देर रात गोमती नगर स्थित जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) पहुंचे थे। जहां पर उन्होंने मीडिया से बातचीत में बयान दिया कि ये टीन शेड लगाकर सरकार कुछ तो छिपाना चाह रही है। कहीं ऐसा तो नहीं कि बेचने की तैयारी हो, किसी को देना चाहते हो। बता दें कि समाजवादी विचारधारा के प्रतीक लोकनायक जय प्रकाश नारायण की 11 अक्तूबर (शुक्रवार) को जयंती है। उनको श्रद्धांजलि देने के लिए सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव जेपीएनआईसी जाना चाहते है।

इसके पहले, अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जेपीएनआईसी के मेन गेट पर लगाई जा रही टिन का वीडियो शेयर करते हुए कहा है कि किसी को नमन करने या श्रद्धांजलि देने से रोकना सुसभ्य लोगों की निशानी नहीं।

उत्तर प्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और सपा नेता माता प्रसाद पांडेय ने कहा, 'जयप्रकाश नारायण आजादी की लड़ाई में हमारे बड़े नेता थे, स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्हें सभी पार्टियों के नेताओं का सम्मान प्राप्त है। इसलिए आज उनकी जयंती पर हम प्रतिपक्ष उनका सम्मान करने के लिए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हैं। पिछली बार भी उन्हें (अखिलेश यादव) रोका गया था लेकिन हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष वहां गए और माल्यार्पण किया फिर चले आए। मुझे समझ नहीं आता कि केवल माल्यार्पण करने से कौन सा पहाड़ टूट जाता है? या तो उस संस्थान(जेपीएनआईसी) में कोई गड़बड़ी है जिसे बेचने का प्रयास किया जा रहा है और ये गड़बड़ उजागर न हो इसलिए ऐसी लोकतांत्रिक कार्रवाई करके उन्हें (अखिलेश यादव) जाने से रोका जा रहा है'।




# ढोल के साथ पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर का गांव में निकाला जुलूस



## किया जिला बदर

**यूनिक समय, मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में पुलिस ने ढोल बजवाकर हिस्ट्रीशीटर को गांव में जुलूस निकाला और जिला बदर कर दिया। जानकारी के अनुसार, मैनपुरी के घिरोर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बदमाश के आपराधिक इतिहास के बारे में गांव के लोगों को जानकारी दी। अनाउंसमेंट करके पुलिस ने बताया कि श्रीनिवास उर्फ पोहपी को बदमाश घोषित किया गया है। साथ ही उसे छह महीने के लिए जिले से बाहर निकाला गया है। अगर वह इस दौरान जिले में कहीं भी दिखेगा तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि पुलिस सबसे पहले आरोपी के घर बजवाते हुए पहुंची फिर अनाउंसमेंट करके उसको गांव में घुमाया गया। गांव के लोगों को बताया कि आरोपी के खिलाफ कई संगीन धाराओं में मामले दर्ज हैं। जिला बदर किए गए समय के अंदर मैनपुरी में आरोपी दिखना नहीं चाहिए नहीं तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस तरह की कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप की स्थिति है।

मामला घिरोर थाना क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर से जुड़ा बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी हिस्ट्रीशीटर श्रीनिवास उर्फ पोहपी को उसकी अपराधिक हिस्ट्री को देखते हुए उसको जिलाधिकारी मैनपुरी ने 27/82024 को जिला बदर करने के आदेश निर्देश दिए गए थे। जिन निर्देशों का पालन करते हुए घिरोर थाना पुलिस ने अपनी पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंचकर श्रीनिवास उर्फ पोहपी के जिला बदर की कार्रवाई की गई। जिस कार्रवाई मे मुनादी करते हुए ढोल बाजे के साथ उसको समीप के जनपद फिरोजाबाद के थाना अराव की सीमा में छोड़ा गया।

# गोदाम में लगी भीषण आग से लाखों का नुकसान

## दमकल की आठ गाड़ियों ने दो घंटे में काबू पाया

**यूनिक समय, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के गणेशगंज में शुक्रवार को एक गोदाम में भीषण आग लग जाने से हड़कंप मच गया। आग से करीब आठ लाख रुपये का नुकसान हो गया।

राजधानी लखनऊ के नाका के गणेशगंज में शुक्रवार को गोदाम में आग लग गई। हादसे से वहां हड़कंप मच गया। दमकलकर्मियों ने आठ गाड़ियों से करीब दो घंटे में आग बुझा ली। गणेशगंज में रानीगंज चौराहे के पास हरिकिशन साधवानी उर्फ चच्चू की मनोहर ट्रेडिंग नाम से दुकान है।

दुकान के ऊपर ही उनका गोदाम बना हुआ। इसमें आइसक्रीम कोन, डिस्पोजल, केक बनाने का सामान, तेल– घी रखा हुआ था। हरि किशन शुक्रवार सुबह करीब साढ़े दस बजे दुकान पर बैठे थे। 11 बजे अगल–बगल के लोगों ने उन्हें गोदाम से धुआं और आग की लपटें उठने की जानकारी दी।

आनन-फानन हरिकिशन दुकान से बाहर निकले और दमकल को घटना की जानकारी दी। वह लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। इस बीच एफएसओ चौक दमकलकर्मियों के साथ पहुंच गए और आग बुझाने में जुट गए। करीब एक बजे आठ गाड़ियों से उन्होंने आग पर काबू पा लिया गया।

# देवी की मूर्तियों को शराबी युवक ने लाठी से तोड़कर किया खंडित

## ग्रामीणों में आक्रोश

**यूनिक समय, लखनऊ।** रायबरेली की बछरावां कोतवाली के एक मंदिर में एक शराबी युवक ने लाठी से मूर्तियों को तोड़ दिया। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है।

बछरावां कोतवाली क्षेत्र में एक मंदिर पर नशे में धुत युवक ने लाठी डंडे से मंदिर के अंदर उत्पाद मचा दिया जिसमें आधा दर्जन से ज्यादा देवियों की मूर्ति चकनाचूर हो गईं जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जांच शुरू कर दी। पुलिस घटना पर नजर बनाए हुए है। कोतवाली क्षेत्र के राघवपुर गांव से 300 मीटर दूर चंद्रिका देवी मंदिर में ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ही रहने वाला विजय कुमार पुत्र हीरालाल पासी शराब के नशे में धुत होकर बृहस्पतिवार देर रात लाठी लेकर पहुंच गया। युवक ने लाठी से मंदिर के अंदर रखी दुर्गा जी, संतोषी माता, सरस्वती माता सहित आधा दर्जन से ज्यादा मूर्तियों पर लाठी से प्रहार कर दिया जिसमें सभी मूर्तियां जमीन पर गिरकर टूट गईं। मंदिर के अंदर रखे घड़े को भी युवक ने तोड़ दिया। मंदिर में मचे उपद्रव की सूचना जैसे ही ग्रामीणों में पहुंची तो ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीण भी भारी संख्या में मौके पर पहुंचे तो देखा की मूर्तियां चकनाचूर होकर जमीन पर पड़ी हुई है जिसमें ग्रामीण आक्रोशित हो गए। घटनास्थल से ही ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने मौजूद ग्रामीण चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी से तहरीर लेकर गांव के ही रहने वाले विजय कुमार पासी पुत्र हीरालाल पासी को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला पुलिस ने शांत कराया और युवक को गिरफ्तार कर कोतवाली ले गई। कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर पर गांव के ही रहने वाले विजय कुमार पासी पुत्र हीरालाल पासी पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# बीटेक का टॉपर निकला डिजिटल अरेस्ट का मास्टरमाइंड

## चार महीने में चार करोड़ की ठगी, गुरुग्राम से चलता था गैंग

**यूनिक समय, लखनऊ।** बीटेक में टॉप करने वाला अकरण डिजिटल अरेस्ट गैंग का मास्टरमाइंड निकला। पुलिस ने उसके साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इस गैंग ने महज चार महीने में चार करोड़ रुपये की ठगी को अंजाम दिया है।

खुद को सीबीआई, ईडी और पुलिस अधिकारी बताकर लोगों को डिजिटल अरेस्ट करने वाले गैंग पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने शिकंजा कसा है। मास्टरमाइंड सोहेल अकरम सहित चार को गिरफ्तार किया गया है। सोहेल ने चेन्नई की एसआरएम यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में बीटेक पास की है, वो कॉलेज का टॉपर रहा है। अकरम दिल्ली और गुरुग्राम में कंपनी खोलकर गैंग चला रहा था। फर्जी दस्तावेज से खुले बैंक खातों और सिम कार्ड के माध्यम से ठगी करते थे। फर्जी एकाउंट में रकम ट्रांसफर करने के बाद निकाल लेते थे। पिछले चार महीने में 4 करोड़ की ठगी कर चुके हैं। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि राज अपार्टमेंट जसोरिया एंक्लेव, फतेहाबाद मार्ग निवासी रेलवे के सेवानिवृत्त मुख्य टिकट निरीक्षक नईम बेग को 13 अगस्त को डिजिटल अरेस्ट किया गया था। मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग्स ट्रैफिकिंग का केस बताकर 15 लाख रुपये ठगे गए थे। एसीपी हरीपर्वत आदित्य सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगाई गई।

सिकंदरा के फैक्टरी एरिया से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इनमें दिल्ली के दरियागंज निवासी मोहम्मद राजा रफीक (मूलरूप से भीलवाड़ा, राजस्थान), बागपत के पारस विहार कॉलोनी निवासी मोहम्मद दानिश, उसका भाई मोहम्मद कादिर और असम के करीमगंज निवासी मोहम्मद सोहेल हैं। सोहेल मास्टरमाइंड है।

पुलिस जांच में पता चला कि आरोपियों ने जिस खाते में 15 लाख रुपये जमा कराए थे, उसमें 24 घंटे में 2.70 करोड़ रुपये विभिन्न खातों में जमा कराने के बाद निकाले गए थे। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से 1 लैपटॉप, 1 मैकबुक, 2 कीपेड मोबाइल, 5 स्मार्ट फोन, 2 आईफोन बरामद किए हैं। इसके अलावा आरोपियों के पास से फर्जी नियुक्तिपत्र, गिरफ्तारी प्रपत्र आदि बरामद किए हैं।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव में कड़वे अनुभव के बाद मायावती का ऐलान

# अब किसी से गठबंधन नहीं करेगी बसपा



**यूनिक समय, लखनऊ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में बसपा–इनेलो गठबंधन को मिली असफलता के बाद मायावती ने एलान किया है कि बसपा अब किसी से भी गठबंधन नहीं करेगी।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में बसपा के इनेलो के साथ हुए गठबंधन को मिली असफलता के कड़वे अनुभव के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती ने ऐलान किया है कि आने वाले चुनाव में बसपा अब किसी से गठबंधन नहीं करेगी।

उन्होंने कहा कि यूपी सहित दूसरे राज्यों के चुनाव में भी बसपा का वोट गठबंधन की पार्टी को ट्रांसफर हो जाने, लेकिन उनका वोट बसपा को ट्रांसफर कराने की क्षमता उनमें नहीं होने के कारण अपेक्षित चुनाव परिणाम नहीं मिलने से पार्टी कैडर को निराशा व उससे होने वाले मूवमेन्ट की हानि को बचाना जरूरी है।

इसी संदर्भ में हरियाणा विधानसभा के चुनाव परिणाम व इससे पहले पंजाब चुनाव के कड़वे अनुभव के मद्देनजर शुक्रवार को हरियाणा व पंजाब की समीक्षा बैठक में क्षेत्रीय पार्टियों से भी अब आगे गठबंधन नहीं करने का निर्णय लिया गया है, जबकि भाजपा, एनडीए व कांग्रेस और इण्डिया गठबंधन से दूरी पहले की तरह ही जारी रहेगी।

देश की एकमात्र प्रतिष्ठित अम्बेडकरवादी पार्टी बसपा व उसके आत्म–सम्मान व स्वाभिमान मूवमेन्ट के कारवां को हर प्रकार से कमजोर करने की चौतरफा जातिवादी कोशिशें लगातार जारी हैं, जिस क्रम में अपना उद्धार स्वयं करने योग्य व शासक वर्ग बनने की प्रक्रिया पहले की तरह ही जारी रखनी जरूरी है।

बसपा विभिन्न पार्टियों, संगठनों व उनके स्वार्थी नेताओं को जोड़ने के लिए नहीं, बल्कि 'बहुजन समाज' के विभिन्न अंगों को आपसी भाईचारा व सहयोग के बल पर संगठित होकर राजनीतिक शक्ति बनाने व उनको शासक वर्ग बनाने का आन्दोलन है, जिसे अब इधर–उधर में ध्यान भटकाना अति–हानिकारक है।

## सार संक्षेप

### महंत यति नरसिंहानंद का करीबी गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महंत यति नरसिंहानंद के करीबी अनिल यादव को गाजियाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके समेत चार लोग पुलिस ने दबोचे हैं। पैगंबर मोहम्मद पर टिप्पणी के बाद से विवाद गहराया हुआ है। गाजियाबाद में डासना मंदिर के बाहर इलाका पुलिस छावनी बना हुआ है। आज जुमे की नमाज है तो गाजियाबाद पुलिस अलर्ट है। मुस्लिम बहुल इलाकों में ड्रोन से निगरानी कर रही है।

### महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरी को मिली धमकी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महामंडलेश्वर स्वामी आत्मानंद गिरी महाराज को जान से मारने की धमकी मिली है। उन्होंने निवास थाने में जाकर शिकायत दी है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तान से धमकी भरा फोन आया है, इसलिए मुझे जान का खतरा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सीएम ने दो भ्रष्टाचारी अधिकारी किए निलंबित

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दो पीसीएस अधिकारियों को भष्ट्राचार के आरोप में निलंबित कर दिया है। बिजनौर के एसडीएम आदेश सिंह सागर और जौनपुर के मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश सिंह के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इन पर अनियमितता बरतने और गड़बड़ी करने के आरोप हैं।

### बिहार में मालगाड़ी के दो डिब्बे डिरेल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार के कटिहार में बीती रात सुधानी के पास ब्रिज नंबर 136 पर मालगाड़ी के 2 डिब्बा पटरी से उतर गए। ईस्टर्न रेलवे जोन के कटिहार किशनगंज रेलखंड के बीच हादसा हुआ। किसी तरह के जानी नुकसान की खबर नहीं है, लेकिन रेलवे रूट कई घंटे बाधित रहा। मालगाड़ी गुवाहाटी से किशनगंज होते हुए बारसोई के रास्ते कटिहार जा रही थी। रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन डिरेल होने की जांच रिपोर्ट तलब की है।

### घुसपैठ करने वाली दो बांग्लादेशी महिलाएं गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारत में अवैध तरीके से एंट्री करने वाली 2 बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। दोनों महिलाओं रब्बाना अख्तर और असमा खातून को अगरतला रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। वे बिना डोक्यूमेंट के बांग्लादेश से भारत में एंट्री कर रही थीं, लेकिन चेकिंग के दौरान पुलिस की नजर में आ गईं।

### बांग्लादेश के हिंदू मंदिर से मुकुट चोरी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मां दुर्गा के 51 शक्तिपीठों में से शक्तिपीठ मां जेशोरेश्वरी मंदिर से मां काली का मुकुट चोरी हो गया है। यह शक्तिपीठ बांग्लादेश में सतखिरा के श्यामनगर में स्थित है। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार, इस मुकुट को मार्च 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपहार में बांग्लादेश को दिया गया था। श्यामनगर पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर तैजुल इस्लाम ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# टाटा ट्रस्ट के नए चेयरमैन होंगे नोएल टाटा



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का चेयरमैन बना दिया गया है। टाटा ट्रस्ट की बैठक में यह फैसला लिया गया है। वे रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। नोएल टाटा, रतन टाटा के पिता नवल टाटा की दूसरी पत्नी सिमोन से जन्मे हैं। नोएल टाटा के तीन बच्चे हैं। ये माया टाटा, नेविल टाटा और लिया टाटा हैं। दिग्गज कारोबारी रतन टाटा का बुधवार को निधन हो गया था। टाटा ट्रस्ट, टाटा ग्रुप की परोपकारी शाखा है। ट्राटा ट्रस्ट की 11 अक्टूबर को मुंबई में हुई बैठक में नोएल टाटा को ट्रस्ट का चेयरमैन बनाने का फैसला सर्वसम्मति से लिया गया है। नोएल अपने सौतेले भाई रतन टाटा की जगह लेंगे।

नोएल टाटा के तीनों बच्चे इस समय टाटा ग्रुप में अलग-अलग जिम्मेदारियां संभाल रहे हैं। 34 साल की माया टाटा ने टाटा अपॉर्चुनिटीज फंड और टाटा डिजिटल में अपनी भूमिकाएं निभाई हैं। टाटा न्यू ऐप की लॉन्चिंग में उनका काफी योगदान था।

32 साल के नेविल टाटा ट्रेंट लिमिटेड में प्रमुख हाइपरमार्केट चेन स्टार बाजार को लीड कर रहे हैं। वहीं, 39 साल की लिया टाटा, टाटा ग्रुप के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर को देख रही हैं। वे ताज होटल्स रिसॉर्ट्स एंड पैलेसेस को संभाल रही हैं। वे इंडियन होटल कंपनी की भी देखरेख करती हैं।

# हरियाणा कांग्रेस नेताओं पर आग बबूला हुए राहुल गांधी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हरियाणा में कांग्रेस को मिली हार के बाद भूपेंद्र हुड्डा, दीपेंद्र हुड्डा, कुमारी सैलजा और रणदीप सुरजेवाला शांत हैं। चुनाव परिणाम से पहले ये चारों नेता सीएम की दावेदारी को लेकर बयानबाजी कर रहे थे।

हरियाणा विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद कांग्रेस में मंथन जारी है। गुरुवार को दिल्ली में कांग्रेस नेताओं की बड़ी बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और केसी वेगुणोपाल शामिल थे। हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया ऑनलाइन शामिल हुए लेकिन बैठक में न तो भूपेंद्र हुड्डा पहुंचे न कुमारी शैलजा और न ही रणदीप सुरजेवाला पहुंचे।

इस बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें लगता है कि नेताओं ने अपने पर्सनल इंटरेस्ट को पार्टी से ऊपर रखा। इसका खामियाजा भुगतना पड़ा है। बैठक में ईवीएम को लेकर भी चर्चा हुई। पार्टी ने भूपिंदर सिंह हुड्डा और उदयभान से उन 20 सीटों की लिस्ट मांगी गई है। जहां ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप पार्टी ने लगाया है।




मीटिंग में ये तय हुआ कि हार की वजहों का पता लगाने के लिए एक फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी। अजय माकन और अशोक गहलोत हरियाणा में पार्टी के सभी उम्मीदवारों से अलग-अलग बात कर के रिपोर्ट तैयार करेंगे। कांग्रेस हरियाणा में हार के कारणों का पता लगाएगी। लेकिन हरियाणा कांग्रेस के नेता तो खुलकर हार की वजह बता रहे हैं। कांग्रेस के ओबीसी मोर्चे के अध्यक्ष अजय यादव ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की तरह लड़ी ही नहीं। न दलित वर्ग को सम्मान दिया गया। न पिछड़ों का ख्याल रखा गया।

वहीं, असंध सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार शमशेर सिंह गोगी ने हार के लिए सीधे-सीधे भूपेंद्र सिंह हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा को जिम्मेदार ठहरा दिया। हरियाणा में कांग्रेस को मिली हार के बाद से भूपेंद्र हुड्डा और दीपेंद्र हुड्डा भी शांत बैठे हैं।

# करोड़ों की 'कोकीन' के साथ 2 अफ्रीकी गिरफ्तार





**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आरोपी माइक ने बताया कि वो दो महीने पहले नाइजीरिया से बिजनेस वीजा पर भारत आया था और वो अपने साथ 2 किलो कोकीन लाया था। वो सिर्फ उन्हीं लोगों को ड्रग्स सप्लाई करता था जो उसके जानकार होते थे।

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ड्रग्स को लेकर एक ऑपरेशन में अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो नाइजीरियन नागरिकों और उनके ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके पास से 563 ग्राम कोकीन बरामद की है जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 3.3 करोड़ रुपये है। दरअसल, 27 सितंबर को क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि एक नाइजीरियाई नागरिक दिल्ली-एनसीआर में ड्रग्स की सप्लाई करता है। इसी सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच ने जाल बिछाकर एक नाइजीरियाई नागरिक जोशुआ अमरचुक्का को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पुलिस ने टैक्सी ड्राइवर को भी पकड़ा। जोशुआ अमरचुक्का की तलाशी के दौरान उसके पास से 257 ग्राम कोकीन बरामद की गई। क्राइम ब्रांच की पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया कि माइक नाम के एक नाइजीरियाई नागरिक ने उसे भारी मात्रा में कोकीन दी थी और वो इस ड्रग्स को दिल्ली-एनसीआर में बेचता था। जांच में ये भी खुलासा हुआ कि आरोपी विनीत उसका ड्राइवर है जो हर डील में उसके साथ रहता था।

आरोपी जोशुआ अमरचुक्का की निशानदेही पर क्राइम ब्रांच ने एक और नाइजीरियाई नागरिक कोने एन गोलो सेयडू उर्फ माइक को गिरफ्तार किया और उसके पास से 306 ग्राम कोकीन बरामद की गई। क्राइम ब्रांच के एडिश्नल सीपी संजय भाटिया ने बताया कि आरोपी जोशुआ अमरचुक्क 2021 में मेडिकल वीजा पर भारत आया था और तब से दिल्ली के आश्रम इलाके के सन लाइट कॉलोनी में रह रहा था। जल्द पैसा कमाने के लालच में वो माइक के संपर्क में आया। आरोपी माइक ने पूछताछ में बताया कि वो दो महीने पहले नाइजीरिया से बिजनेस वीजा पर भारत आया था और वो अपने साथ 2 किलो कोकीन लाया था। वो सिर्फ उन्हीं लोगों को ड्रग्स सप्लाई करता था जो उसके जानकार होते थे। इस काम में जोशुआ अमरचुक्का और टैक्सी ड्राइवर विनीत मदद करते थे। पुलिस के मुताबिक माइक का दिल्ली-एनसीआर में एक बड़ा नेटवर्क था। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### नाइजीरिया से लाकर दिल्ली-एनसीआर में बेचते थे

# हरियाणा में 15 अक्टूबर को बनेगी नई सरकार



### पंचकूला में होगा शपथ ग्रहण समारोह, पीएम मोदी होंगे शामिल

**यूनिक समय, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने लगातार तीसरी बार प्रचंड जीत हासिल की थी। तमाम अनुमानों को झुठलाते हुए पार्टी ने 48 सीटें हासिल की हैं। नायब सैनी का सीएम बनना तय है।

हरियाणा में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 15 अक्तूबर को पंचकूला में होगा। प्रदेश के मुख्य सचिव ने समारोह की तैयारी के लिए 10 सदस्य कमेटी गठित कर दी है।

शपथ समारोह में पीएम मोदी समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्री शामिल होंगे। नायब सैनी का सीएम बनना तय है। वहीं उनके साथ 10 से 11 मंत्री भी शपथ ले सकते हैं।

भाजपा बहुमत में है हालांकि तीन निर्दलीय विधायकों सावित्री जिंदल, देवेंद्र कादियान और राजेश जून ने भाजपा को समर्थन देने की घोषणा की है। पार्टी के पक्ष में अब 51 सदस्य हो गए हैं। सरकार को समर्थन की घोषणा करने वाले तीन निर्दलीय विधायकों में से एक को मंत्री बनाया जा सकता है।

पिछली सैनी सरकार के दस में से आठ मंत्री और विधानसभा अध्यक्ष चुनाव हार गए हैं। ऐसे में नई सरकार में नए चेहरों को मौका दिया जा सकता है। दिवंगत बंसीलाल की पौत्री श्रुति चौधरी का मंत्रिमंडल में शामिल होना तय माना जा रहा है। हरियाणा के अगले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ही होंगे। पार्टी के अंदर इसको लेकर कोई शंका नहीं है।

पीएम मोदी व शाह अपनी रैलियों में नायब सिंह सैनी को मुख्यमंत्री का चेहरा बता चुके हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कोई सस्पेंस नहीं है। हालांकि डिप्टी सीएम के फार्मूले को लेकर पार्टी के अंदर चर्चा शुरू हो गई है।

# नेशनल कांफ्रेंस को समर्थन देगी आम आदमी पार्टी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस गठबंधन को बहुमत मिला। वहीं आम आदमी पार्टी ने एक सीट जीती। डोडा में आम आदमी पार्टी के मेहराज मलिक ने भाजपा उम्मीदवार को हराकर जीत दर्ज की, लेकिन अब पार्टी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस को समर्थन देने का फैसला लिया है। आम आदमी पार्टी ने समर्थन का पत्र उपराज्यपाल को सौंप दिया है।

# ईस्ट एशिया सम्मेलन को पीएम मोदी ने किया संबोधित

### यह खास उपलब्धि पाने वाले पहले नेता



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी की इस बात के लिए भी तारीफ हुई, क्योंकि पीएम मोदी ने सबसे ज्यादा बार (19 में से 9 बार) ईस्ट एशिया सम्मेलन में भाग लिया।

भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ईस्ट एशिया सम्मेलन को संबोधित किया। गौरतलब है कि ईस्ट एशिया सम्मेलन की अध्यक्षता पाने वाले लाओस के प्रधानमंत्री के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही सम्मेलन को संबोधित किया। यह सम्मान पाने वाले पीएम मोदी पहले नेता हैं। सम्मेलन में आसियान देशों में भारत की अहमियत के बारे में भी बताया गया। सम्मेलन के दौरान पीएम मोदी की इस बात के लिए भी तारीफ हुई, क्योंकि पीएम मोदी ने सबसे ज्यादा बार (19 में से 9 बार) ईस्ट एशिया सम्मेलन में भाग लिया।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत ने हमेशा आसियान देशों की एकता का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि आसियान भारत की हिंद प्रशांत नीति और क्वाड सहयोग का केंद्र भी है। एक मुक्त, समावेशी और समृद्ध, नियम आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र पूरे इलाके की शांति और समृद्धि के लिए बहुत जरूरी है।

इससे पहले पीएम मोदी ने शुक्रवार को ईस्ट एशिया सम्मेलन से इतर अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ भी द्विपक्षीय मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान पीएम मोदी ने अमेरिका में चक्रवाती तूफान मिल्टन में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की। गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लाओस में 21वें आसियान भारत सम्मेलन में भी शिरकत की। भारत की एक्ट ईस्ट नीति के 10 साल पूरे होने के मौके पर आसियान-भारत सम्मेलन का आयोजन किया गया।

ईस्ट एशिया सम्मेलन में इसके सदस्य देशों के राष्ट्रप्रमुख इस वार्षिक बैठक में भाग लेते हैं। ईस्ट एशिया सम्मेलन की शुरुआत साल 2005 में हुई थी। ईस्ट एशिया सम्मेलन की पहली बैठक मलेयशिया के कुआलालंपुर में आयोजित हुई थी। ईस्ट एशिया सम्मेलन में 16 सदस्य देश हैं, जिनमें आसियान सदस्य देश, ऑस्ट्रेलिया, चीन, भारत, जापान, न्यूजीलैंड और दक्षिण कोरिया शामिल हैं। साल 2011 में छठे ईस्ट एशिया सम्मेलन में अमेरिका और रूस को भी शामिल किया गया।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053